दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 118 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। रविवार, 01 मार्च 2026 | फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष त्रयोदशी, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## ईडी के हेड कॉन्स्टेबल को 13 लाख रिश्वत लेते पकड़ा

### 2 लाख पहले ले चुका, जयपुर एसीबी टीम ने सीकर में होटल से गिरफ्तार किया

बढ़ता राजस्थान

**सीकर।** एंटी करप्शन ब्यूरो जयपुर की टीम ने शनिवार को सीकर में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने कल्याण सर्किल पर अशोका होटल में ईडी के हेड कॉन्स्टेबल उत्तम पांडे को 13 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। हेड कॉन्स्टेबल से पूछताछ जारी है। उत्तम पांडे ने पीड़ित से 15 लाख की डिमांड की थी। 2 लाख रुपए वह पहले ही ले चुका था और अब 13 लाख रुपए लेने के लिए सीकर आया था। जानकारी के अनुसार, पीड़ित एक सीए है। उसे आरोपी हेड कॉन्स्टेबल लगातार धमकियां दे रहा था कि आरोपी बना दूंगा, पैसा दो। आरोपी हेड कॉन्स्टेबल उसे कहता कि वह ईडी में बड़ा अधिकारी है। आरोपी हेड कॉन्स्टेबल पीड़ित पर लगातार दबाव बना रहा था। इस पर पीड़ित ने दो लाख तो पहले ही दे दिए। इसके बाद पीड़ित ने जयपुर एसीबी में शिकायत की। हेड कॉन्स्टेबल को पकड़ने के लिए एसीबी ने पूरा जाल बिछाया। शिकायत का सत्यापन होने पर एसीबी ने पीड़ित को 11 लख रुपए के डमी नोट दिए। आज जो 13 लख रुपए पीड़ित देने के लिए आया, उसमें से 11 लाख डमी नोट से। बाकी 2 लाख असली थे। हेड कॉन्स्टेबल ने होटल के बाहर रिश्वत ली। रिश्वत लेकर वह जैसे ही अंदर जाने लगा तो एसीबी ने उसे दबोच लिया।

## केजरीवाल ने कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में पूजा की

### मनीष सिसोदिया-संजय सिंह भी साथ रहे; कल दिल्ली शराब नीति केस में बरी हुए

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली के पूर्व सीएम और आप नेता अरविंद केजरीवाल दिल्ली के कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में पूजा की। उनके साथ पत्नी सुनीता केजरीवाल, मनीष सिसोदिया,आप सांसद संजय सिंह समेत अन्य नेता मौजूद रहे। एक दिन पहले ही दिल्ली शराब नीति से जुड़े सीबीआई मामले में केजरीवाल-सिसोदिया समेत 23 लोगों को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बरी किया था। कल शाम केजरीवाल ने आप दफ्तर में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की थी। उन्होंने कहा था कि पीएम मोदी और अमित शाह ने हमारे खिलाफ षड्यंत्र रचा। वे.क्कको हरा नहीं पाए तो खत्म करने जुट गए। उन्होंने कहा कि मैंने जिंदगी में सिर्फ ईमानदारी कमाई, कोर्ट में ये साबित हो गया। दरअसल, आरोप है कि दिल्ली में 2021-22 की आबकारी नीति में घोटाला हुआ है। केजरीवाल की सरकार के दौरान नई शराब नीति में लाइसेंस देने और मार्जिन तय करने में अनियमितताएं हुईं। इससे कुछ निजी कारोबारियों को फायदा पहुंचा। बाद में यह नीति वापस ले ली गई। सीबीआई केस में आरोपियों को बरी किया गया है। ईडी मामला फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है।



## भजनलाल शर्मा बोले- राजस्थान भी विकसित भारत का ग्रोथ इंजन बनेगा

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- प्रधानमंत्री ने दिसंबर 2024, मई 2025, सितंबर 2025 में राजस्थान को 1 लाख 80 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्यों का उपहार दिया था। आज भी प्रदेश को 17 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। साथ ही बेटियों को सवाईकल कैंसर से बचाव विकसित भारत की दिशा में बढ़ते हुए कदम है। मैं आपको आश्वस्त करना चाहूंगा राजस्थान भी विकसित भारत 2047 के आपके विजन के ग्रोथ का इंजन बनेगा। हाल ही में एआई समिट में विश्व ने देखा भारत भविष्य के लिए तैयार है। भारत एक वैश्विक ताकत बनकर उभरा है। आपके मार्गदर्शन में ये डबल इंजन सरकार प्रदेश के विकास के लिए निरंतर काम कर रही है। आज का दिन हमारे युवाओं के लिए विशेष है। आज आप 22 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान कर रहे हैं। ये नियुक्ति पत्र नहीं 22 हजार परिवारों के सपनों को साकार करने का अवसर है।

### सीएम बोले- पीएम जब भी राजस्थान आए, सौगात दी

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- पीएम नरेंद्र मोदी को इजरायली संसद की ओर से सर्वोच्च सम्मान 'स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल' से सम्मानित करना 140 करोड़ देशवासियों के लिए सम्मान का विषय है। प्रधानमंत्री आपका राजस्थान के प्रति विशेष लगाव रहा है। आप जब भी राजस्थान आए, आपने विशेष सौगात दिया।

### सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार सुबह करीब 11 बजे अजमेर पहुंचे। कायड़ विश्रामस्थली पर उन्होंने 9 से 14 साल तक की लड़कियों में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत की। 16600 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास भी करेंगे।

### पीएम मोदी का अजमेर दौरा

# कांग्रेस के कुकर्मो को देश माफ नहीं करेगा : मोदी

## कहा : ये अब आईएनसी नहीं, एमएमसी है यानि मुस्लिम लीगी माओवादी कांग्रेस

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर से ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत की। जनसभा में मोदी ने कहा- कांग्रेस को कुकर्मों के लिए देश कभी माफ नहीं करेगा। पूरे देश में कांग्रेस लगातार हार रही है और गुस्से में इसका बदला भारत को बदनाम करके ले रही है। कभी कांग्रेस आईएनसी यानी इंडियन नेशनल कांग्रेस थी। अब आईएनसी नहीं बची है। आज वो एमएमसी बन गई है। एमएमसी यानी मुस्लिम लीगी माओवादी कांग्रेस। शनिवार को पीएम मोदी अजमेर के कायड़ विश्रामस्थली में सभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले अभियान की शुरुआत में मनीषा रावत, भूमिका, पूर्वी अग्रवाल, चंचल, चिड़िया मेघवंशी को वैक्सीनेशन लगाई गई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी लड़कियों से वैक्सीनेशन के बारे में जानकारी ली। साथ ही यह भी पूछा कि टीका क्यों लगाया जाता है?

प्रधानमंत्री ने छात्राओं से एग्जाम के बारे में बात की। पूर्वी अग्रवाल और चंचल ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री से बात करके बहुत अच्छा लगा। प्रधानमंत्री ने युवाओं को सरकारी नौकरी के जॉइनिंग लेटर भी दिए।

### मोदी के भाषण की 5 बड़ी बातें...

#### 1- दुनिया के सामने कांग्रेस ने देश को बेइज्जत किया

हाल ही में दिल्ली में दुनिया का सबसे बड़ा एआई सम्मेलन हुआ। इसमें कई देशों के पीएम-राष्ट्राध्यक्ष, मंत्री आए। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियों के लीडर एक छत के नीचे इकट्ठे हुए। भारत की खुले मन से प्रशंसा की। हताशा, निराशा में डूबी कांग्रेस ने दुनिया भर के मेहमानों के सामने देश को बदनाम करने की कोशिश की। इन्होंने विदेशी मेहमानों के सामने देश को बेइज्जत किया।

#### 2- किसानों को साधने की कोशिश

पीएम मोदी ने कहा- नदियों को जोड़ने का अभियान शुरू किया है। इसका अधिक फायदा राजस्थान को मिलना तय है। संशोधित पार्वती-काली सिंध-चंबल लिंक परियोजना हो, यमुना राजस्थान लिंक प्रोजेक्ट हो, डबल इंजन सरकार ऐसी अनेक सिंचाई परियोजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज भी झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी के लिए पानी की अनेक परियोजनाओं के लिए काम शुरू हुआ है। हमारा प्रयास है राजस्थान में भूजल का स्तर में सुधार हो।

#### 3- मुस्लिम लीग की राह पर कांग्रेस

इतिहास गवाह है, मुस्लिम लीग भारत से नफरत करती थी। इसीलिए मुस्लिम लीग ने देश को बांट दिया। आज कांग्रेस भी वही कर रही है। माओवादी भी भारत की समृद्धि, हमारे संविधान और हमारे सफल लोकतंत्र से नफरत करते हैं। ये घात लगाकर हमले करते हैं। कांग्रेस भी घात लगाकर देश को बदनाम करने के लिए कहीं भी घुस जाती है। कांग्रेस के ऐसे कुकर्मो को, देश कभी माफ नहीं करेगा।



#### 4- सेना ने देश का मान बढ़ाया

बीते 11 वर्षों में भारत की सेना ने हर मोर्चे पर, आतंकियों पर, देश के दुश्मनों पर करारा प्रहार किया। हमारी सेना हर मिशन, हर मोर्चे में विजय रही। सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक वीरता का लोहा मनवाया। लेकिन कांग्रेस के नेताओं ने इसमें भी दुश्मनों के झूठ को आगे बढ़ाया। देश के लिए जो भी शुभ है, जो भी अच्छा है, जो भी देशवासियों का भला करने वाला है कांग्रेस उसका विरोध करती है। देश आज कांग्रेस को सबक सिखा रहा है।

#### 5- इजराइल में आज भी याद किए जाते हैं राजस्थान के सपूत

राजस्थान के सपूत मेजर दलपत सिंह के शौर्य को इजरायल के लोग आज भी याद करते हैं। मुझे (पीएम मोदी) भी इजराइल की संसद में मेजर दलपत सिंह के शौर्य को नमन करने का मौका सौभाग्य मिला। राजस्थान के वीर बांकुरों की इजराइल के हाइफा शहर को आजाद कराने में जो भूमिका थी, उसका गौरव गान करने का अवसर मिला।

# आंध्र प्रदेश : पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 21 की मौत

## 8 गंभीर घायल; धमाके की आवाज 5 किमी दूर तक सुनाई दी



### पीएम ने 2 लाख रुपए देने का ऐलान किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए हर मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री नेशनल रिलीफ फंड से दो लाख रुपए देने का ऐलान किया है। वहीं घायलों को ?50,000 की आर्थिक मदद दी जाएगी।

### सीएम नायडू ने दुख जताया

मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने संबंधित मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर हालात की निगरानी करने को कहा है। प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा है। राज्य की गृह मंत्री वंगालपुडी अनीता ने आशंका जताई कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

बढ़ता राजस्थान

**अमरावती ( एजेंसी )।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले के वेटलापलेम गांव में शनिवार को पटाखा बनाने वाली यूनिट में धमाका हो गया। हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे ब्लास्ट हुआ। धमाके इतना भीषण था कि इसकी आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। इसके बाद ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे में घायल लोगों को अस्पताल भेजना शुरू किया। पुलिस अधिकारी ने बताया- धमाका इतना तेज था कि लाशें पास के धान के खेतों में जाकर गिरीं। हरे-भरे धान के खेतों के बीच डरावना मंजर देखने को मिला, जब स्थानीय लोग बाराकालू, यानी खाद की बोरियों से बनी चादरों में लाशें ले जाते दिखे। पुलिस ने पास के खेतों में बिखरे शरीर के हिस्सों का पता लगाने के लिए ड्रोन तैनात किए हैं। काकीनाडा गवर्नमेंट हॉस्पिटल के सुपरिटेंडेंट ने कहा कि हॉस्पिटल में आए घायल 90 से 100 परसेंट तक जले हुए हैं। उनका इलाज जारी है।

## पश्चिम बंगाल एसआईआर की फाइनल वोटर लिस्ट जारी, 5.46 लाख वोटर्स के नाम लिस्ट से हटा दिए गए



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में स्ढ्ढक्र के बाद की वोटर लिस्ट में वोटरों की संख्या 7.04 करोड़ से ज़्यादा हो गई है, जिसमें बदलाव के दौरान नाम हटाए और जोड़े गए हैं। अग्रवाल ने रिपोर्टर्स को बताया कि वोटर रोल में बदलाव की प्रक्रिया में स्नश्रह्म्-7 के ज़रिए 5.46 लाख से ज़्यादा वोटरों के नाम हटाए गए और Form-6 और Form-6A जमा करके 1.82 लाख से ज़्यादा वोटरों के नाम जोड़े गए। इलेक्शन कमीशन ऑफ़ इंडिया ने शनिवार को स्पेशल इंटेंसिव रिविज़न के बाद पश्चिम बंगाल के लिए वोटर लिस्ट जारी की। 28 फरवरी, 2026 तक, राज्य में कुल 70,459,284 वोटर हैं और 546,053 वोटरों के नाम लिस्ट से हटा दिए गए हैं (फॉर्म 7)। मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में SIR के बाद की वोटर लिस्ट में वोटरों की संख्या 7.04 करोड़ से ज़्यादा हो गई है, जिसमें बदलाव के दौरान नाम हटाए और जोड़े गए हैं। अग्रवाल ने रिपोर्टर्स को बताया कि वोटर रोल में बदलाव की प्रक्रिया में Form-7 के ज़रिए 5.46 लाख से ज़्यादा वोटरों के नाम हटाए गए और Form-6 और Form-6ए जमा करके 1.82 लाख से ज़्यादा वोटरों के नाम जोड़े गए।

### 58 लाख गिनती के फ़ॉर्म नहीं मिले

उन्होंने कहा कि बदलाव की प्रक्रिया के दौरान 58 लाख से ज़्यादा गिनती के फ़ॉर्म नहीं मिले, जिनमें मरे हुए, शिफ्ट हुए और डुप्लीकेट वोटरों के मामले शामिल हैं। सीईओ ने यह भी कहा कि 60 लाख से ज़्यादा वोटर अंडर एडजुडिकेशन कैटेगरी में हैं, लेकिन उन्हें एसआईआर के बाद की वोटर रोल में शामिल कर लिया गया है।

Rajdhani Battery
LUMINOUS Inverter • UPS • Battery
EXIDE INDUSTRIES LIMITED


Deals in:
All Vehicle Battery, inventor & Inverter Batteries & SMF Batteries
Mohd. Islam 9314625427
Mohd. Nasir 9982625427
Email: rajdhanibattery@gmail.com
Tonk Road, Near Gow Shala, Sanganer, Jaipur

# जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी एवं पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने जिला स्तरीय सीएलजी सदस्यों की ली बैठक

### आगामी त्योहारों के मद्देनजर जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर किया संवाद

बढ़ता राजस्थान




धौलपुर (राजू शर्मा)। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी एवं पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व में शनिवार को आमजन एवं पुलिस के मध्य बेहतर समन्वय एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सीएलजी सदस्यों की भूमिका व पुलिस के सहयोग आदि विषयों पर जिला स्तरीय सदस्यों की कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने जिला स्तरीय सीएलजी सदस्यों का दोनों ही अधिकारियों से परिचय करवाया एवं सदस्यों को बैठक की रुपरेखा बताई। बैठक में जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने जिला स्तरीय सदस्यों के साथ संवाद करते हुए कहा कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है, इसलिए पुलिस व प्रशासन का सहयोग करते हुए आमजन की परेशानियों से अवगत कराया करें।

पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बैठक के दौरान कहा कि जिला स्तरीय सीएलजी सदस्य आमजन एवं पुलिस के मध्य एक सेतु की तरह होते हैं, पुलिस को सीएलजी सदस्यों की भागीदारी, सहयोग एवं निष्पक्ष फीडबैक अपेक्षित रहेगा, आप सभी के माध्यम से आमजन के मध्य पुलिस और अधिक संवाद बढाने का कार्य करेगी। सामाजिक सद्भाव एवं सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों की जानकारी मिले तो पुलिस को तुरंत अवगत करावें। सभी के साथ मिलकर पुलिस समाज में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने का कार्य करेगी।

इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने आगामी मार्च-अप्रैल 2026 में आयोजित होने वाले विभिन्न त्योहारों, पर्वों एवं जयंतियो के दौरान जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में भी अवगत कराया। जिले में आगामी मार्च-अप्रैल माह में मनाए जाने वाले होलिका दहन, धुलण्डी, शीतला सप्तमी/अष्टमी, रंग तेरस, चेटीचण्ड, जुमातुल विदा, ईद-उल-फितर (चाँद से), रामनवमी, महावीर जयंती, गुड फ्राइडे, महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती, डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती, वैशाखी, सैन जयंती एवं परशुराम जयंती सहित अन्य पर्वों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित व्यवस्थाओं एवं संभावित चुनौतियों पर सुझाव प्राप्त कर उनके जल्द ही निराकरण की बात कही गई है।

बैठक में जिले के सभी उपखंडों में आगामी त्योहारों के मद्देनजर सतर्कता बरतने तथा समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया गया। बैठक को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक उपखंड में संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों का चिन्हांकन कर आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा, वृताधिकारी वृत्त धौलपुर कृष्ण राज जांगिड, थानाधिकारी कोतवाली वीरेन्द्र मीणा, थानाधिकारी निहालगंज अमित शर्मा, अपराध सहायक महेश शर्मा सहित सभी जिला स्तरीय सीएलजी सदस्य उपस्थित रहे।

## मलिक इमरान खान बने 12 भाई मेला कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नई कार्यकारिणी का राजस्थान पगड़ी से स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** सांप्रदायिक सौहार्द और ऐतिहासिक परंपरा के प्रतीक 12 भाई मेले की नई कार्यकारिणी के गठन के बाद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। हाल ही आयोजित बैठक में राजेंद्र गर्ग को मेला अध्यक्ष चुना गया था। इसके पश्चात कार्यकारिणी विस्तार करते हुए पत्रकार मलिक इमरान खान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सचिन बंसल को युवा संयोजक तथा रविंद्र बंसल को मंत्री और राजगद्दी कार्यक्रम संयोजक पद राकेश हरदेनिया को जिम्मेदारी सौंपी गई। शनिवार को नव नियुक्त पदाधिकारियों का विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा पारंपरिक राजस्थान पगड़ी बांधकर भव्य स्वागत किया गया। विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे, कांग्रेस नेत्री रोशनी शिवहरे, धीरज सोनी, राकेश दीक्षित, जगदीश जगरिया, सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने सभी पदाधिकारियों को राजस्थान की पारंपरिक पगड़ी बांधकर जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया। बारह भाई मेला बाड़ी की गंगा-जमुनी संस्कृति और भाईचारे का प्रतीक है, जिसकी परंपरा पीढ़ियों से कायम है। नई कार्यकारिणी से अपेक्षा जताई गई कि वह मेले को और अधिक भव्य, सुव्यवस्थित और ऐतिहासिक गरिमा के अनुरूप आयोजित करेगी। मेला अध्यक्ष राजेंद्र गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान पूरी मेला कमेटी और नगरवासियों का है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष मलिक इमरान खान ने कहा कि मेले की परंपरा, सौहार्द और सामाजिक एकता को बनाए रखना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

## विज्ञान दिवस पर विद्यार्थियों ने बिखेरे रंग

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** सी.सी.ए. शिक्षण संस्थान समूह शनिवार को



राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के संरक्षक रमेश चंद्र सक्सेना,निदेशक डॉ. अजय सक्सेना एवं सह-निदेशक कविता सक्सेना द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने होलोग्राम, मानव हाथ का मॉडल, गीजर, सौरमंडल, वाटर रॉकेट, जल फिल्टर, उत्सर्जन तंत्र, इलेक्ट्रिक चॉपर, इलेक्ट्रिक सर्किट, पेंडुलम, ज्वालामुखी तथा चंद्रयान-3 जैसे विषयों पर उत्कृष्ट मॉडल तैयार किए। छात्रों ने अपने मॉडलों के माध्यम से वैज्ञानिक सिद्धांतों को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया। कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों ने गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच एवं प्रस्तुतीकरण कौशल की सभी ने सराहना की। संस्थान द्वारा अंतर्गत द्वारा अंतरा-विद्यालयी क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिससे विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर संस्थान के अन्य गणमान्य सदस्य भी उपस्थित रहे, जिनमें मंजू राठौड़, राजेन्द्र कुमावत, अभय छीपा, अशोक पलसानिया, अर्जुन राजोरिया, सुभाष दिवाच, लक्ष्मण आदि शामिल रहे।

## चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** स्वामी शरणम् शिक्षण संस्थान के अन्तर्गत संचालित एस. एस. कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन, उमरड़ा, उदयपुर का चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण सम्पन्न हुआ। संस्थान के निदेशक



डॉ. सुभाष राजक ने बताया कि महाविद्यालय का चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण शामला जी हाते हुए सारंगपुर स्थित कष्ट भंजन देव के दर्शन एवं रात्रि विश्राम के पश्चात् सवेरे डाकोर स्थित रणछोडराय के दर्शन हेतु प्रस्थान किया तत्पश्चात मार्ग में तुवा धाम के दर्शन करते हुए रात्रि विश्राम हेतु नीलकण्ठ धाम, पोईचा पहुचे। सवेरे मनमोहक दर्शनीय स्थल पोईचा को देख समस्त छात्राध्यापिकाएँ एवं प्राध्यापकगण अभिभूत हो गये। दोपहर के भौजन के पश्चात स्टेच्यू ऑफ यूनिटी के लिये प्रस्थान किया जहाँ विश्व की सबसे बडी सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतीमा तथा नर्बदा नदी पर स्थित सरदार सरोवर बांध का अवलोकन किया। अगले दिन पावागढ़ स्थित महाकाली शक्तिपीठ के दर्शन किये एवं सभी छात्राध्यापिकाओं ने एवं प्राध्यापकों द्वारा गरबा नृत्य की प्रस्तुती की गई।

## मेवाड़ शत्रुंजय दयालशाह किला तीर्थ पर फागण फेरी आज

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** श्री जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संस्था (रजि) कांकरोली के तत्वाधान में विक्रम संवत 2082 फाल्गुन सुदी 13 (फागण फेरी) पर रविवार को भव्य तीर्थ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। मेवाड़ के शत्रुंजय कहे जाने वाले दयालशाह किला तीर्थाधीपति श्री आदिनाथ दादा के दरबार में हाजिरी लगाने के लिए समाजजन बड़ी संख्या में उमड़ेंगे। संस्था अध्यक्ष विमल कुमार पोरवाल ने बताया कि यात्रा का शुभारंभ रविवार प्रातः 6:30 बजे ओसवाल भवन, नजरवाड़ी स्थित श्री नमिनाथ भगवान जिनालय से होगा। यहां सामूहिक चैत्यवंदन के पश्चात ठीक 7 बजे पैदल यात्रा गाजे-बाजे के साथ प्रस्थान करेगी। यह धर्म यात्रा नगर के प्रमुख मार्ग यानि मुख्य चौपाटी, जलचक्की, पीरबावजी और जिला जेल के सामने से होते हुए दयालशाह किला तलहटी पहुंचेगी। वहां से श्रद्धालु पैदल सीढियां चढ़ते हुए जयतलेटी, भगवान शांतिनाथ, रायण पगलिया और पुंडरीक स्वामी के चरणों में वंदना करते हुए मुख्य दरबार पहुंचेंगे, जहाँ आदिनाथ दादा का चरम चैत्यवंदन व विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी।

## आशियाना उत्सव के वरिष्ठ नागरिकों ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, सेवाएँ निर्बाध जारी रखने की मांग

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** आशियाना उत्सव के वरिष्ठ नागरिक निवासियों ने जिला कलेक्टर जितेन्द्र सोनी से भेंट कर माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 के अंतर्गत संरक्षण प्रदान करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

निवासियों ने ज्ञापन में अवगत कराया कि एएमएसएलएलपी / एएमडी / एएचएल द्वारा संचालित कैफ़े (भोजनालय) को बंद करने तथा देखभाल गृह सेवाओं में बाधा उत्पन्न किए जाने से वरिष्ठ नागरिकों को दैनिक जीवन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ये सेवाएँ उनके स्वास्थ्य, पोषण और सामाजिक जीवन से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई हैं, इसलिए इन्हें पूर्ववत, निर्बाध और बिना किसी प्रतिबंध के जारी रखा जाना आवश्यक है। वरिष्ठ नागरिकों ने प्रशासन से आग्रह किया कि माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 के प्रावधानों के अनुरूप उन्हें संरक्षण प्रदान किया जाए तथा संबंधित संस्थाओं को कैफ़े बंद करने और देखभाल गृह सेवाओं में अवरोध उत्पन्न करने से रोका जाए।

जिला कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल की बात को गंभीरता से सुनते हुए नियमानुसार उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

निवासियों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन उनके हितों की रक्षा करते हुए शीघ्र सकारात्मक कदम उठाएगा, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## गुरु कमल चंद्रोशन गौ सेवा ट्रस्ट ने किया घायल नीलगाय का सफलतम रेस्क्यू

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** गुरू कमल चन्द्रोशन गौ सेवा ट्रस्ट के संस्थापक संजय जैन एवं रेसक्यू टीम ने आज शाम को 5 बजे डबोक मेड़ता रोड़. पर पानी में गिरे नीलगाय के बच्चें को रेसक्यू कर बचाया।

संयज जैन ने बताया कि मेड़ता रोड़ स्थित एक विद्यालय के कुछ बच्चें और एक मेहता परिवार ने फोन कर जानकारी दी कि एक नीलगाय का बच्चा पानी में गिर गया है। जानकारी मिलते ही संस्थापक संजय जैन ने तुरंत अपनी रेस्क्यू टीम को अवगत कराया और पूरी टीम के साथ डबोक मेड़ता पहुंचे। कड़ी मेहनत और लगातार 3 घंटे के प्रयास के बाद घायल नीलगाय के बच्चे को रेस्क्यू किया गया और घायल अवस्था में लाकर उसका उदयपुर स्थित अपना घर गौशाला में जाकर ईलाज कराया और उसे चिकित्सा सुविधा प्रदान की।

## उदयपुर में 'राजस्थान इंडस्ट्रियल ट्रेड एक्सपो-2026' (राइटेक्स) का भव्य आयोजन 20 मार्च से

### उद्योगों के विकास में बनेगा मील का पत्थर : मुकेश माधवानी

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (नि.स.)।** राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित औद्योगिक संगठन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा उदयपुर में 'राजस्थान इंडस्ट्रियल ट्रेड एक्सपो-2026 (राइटेक्स) के द्वितीय संस्करण का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण औद्योगिक प्रदर्शनी आगामी 20, 21 और 22 मार्च 2026 को उदयपुर के बी.एन. कॉलेज ग्राउंड में आयोजित होगी।

नई तकनीक और निवेश से जुड़ेंगे राज्य के एम.एस.एम.ई. उद्योग- पीएचडी चैम्बर के उदयपुर संभाग के संयोजक मुकेश माधवानी (फाउंडर एंड चैयरमेन बिजनेस सर्कल इंटरनेशनल) ने बताया कि राइटेक्स के आयोजन का मुख्य उद्देश्य राज्य के विभिन्न जिलों की एम.एस.एम.ई. इकाइयों को इस एक्सपो के माध्यम से राज्य में नई बिजनेस संभावनाओं, व्यापार, निवेश, नई तकनीक एवं नवाचारों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन उद्योगों के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी के माध्यम से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से बड़े स्तर पर व्यापार सृजन की प्रबल संभावना है। इस एक्सपो में विभिन्न क्षेत्रों के उद्योगों का समागम देखने को मिलेगा। राइटेक्स में मुख्य रूप से फूड प्रोसेसिंग, हस्तशिल्प, पर्यटन, नवीनीकरण ऊर्जा, आयुष, खनन, स्टोन्स, ओ.डी.ओ.पी. (एक जिला एक उत्पाद) एवं जी.आई. प्रोडक्ट्स, वस्त्र, मशीनरी, आभूषण, फर्नीचर और निर्माण सामग्री आदि आधारित उद्योगों की व्यापक प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

## देवगढ़ क्षेत्र में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की धूम

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** देवगढ़ ब्लॉक क्षेत्र में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर महान वैज्ञानिक सी वा रमन को याद करते हुए विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। साथ ही कुंवाथल विद्यालय में मेवाड़ के पराक्रमी शासक महाराणा प्रताप के सेल्यापोहणप्रदिकुंवाथलभी आयोजन विविालिया मेंसी.वीलरमन के आयोजित महारार्यक्रप्रतामें बतायाकिया कि 28 नमनफरवरी 1928 को सर चंद्रशेखर रमन ने 'रमन प्रभाव की खोज की थी, जिसके लिए उन्हें 1930 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी उपलब्धि की स्मृति में भारत सरकार ने 1986 में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस घोषित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्रधानाचार्य संजू शर्मा ने की। मुख्य वक्ता एवं संयोजक वरिष्ठ अध्यापक विजय सिंह ने दैनिक जीवन में विज्ञान की भूमिका, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तकनीकी जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों के लिए विज्ञान प्रदर्शनी, प्रतियोगिता एवं सेमिनार का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में कृष्णा, रवि, रीना, ममता, गुड़िया, कंचन, करण, कविता, खुशबू, नव्या, पूनम, राधा, संपत एवं शिवलाल सहित अनेक विद्यार्थियों ने भाग लिया। आयोजन में जगदीश सिंह चुंडावत, नारायण लाल रेगर, चुन्नीलाल रेगर, लता शर्मा, मुकेश कुमार, लक्ष्मीबाई, मांगी बाई, राजू पावण्डा एवं गिरिराज प्रजापत का सहयोग रहा।

## त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर बुलाई सदस्यों की बैठक

### सीएलजी सदस्यों ने उठाया शहर में बढ़ते अतिक्रमण, जाम और नो पार्किंग का मुद्दा

- तेज गति दौड़ रहे बजरी ट्रेक्टरों पर रोक लगाने की मांग, एएसपी की अध्यक्षता में बैठक

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के कोतवाली थाने में शनिवार को सीएलजी सदस्यों, सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र की आगामी त्यौहारों को लेकर एक बैठक का आयोजन एडिशनल एसपी कमल कुमार जागिड़ की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान सर्किल अधिकारी महेंद्र कुमार के साथ कोतवाली एसएचओ देवेंद्र शर्मा भी मौजूद रहे।

एडिशनल एसपी ने सभी सदस्यों को आग्रह किया कि वह होली, रमजान, ईद और शहर के बारह भाई मेला जैसे त्योहारों को लेकर सतर्क रहें, सभी नागरिकों से सभी त्यौहार और मेलो को लेकर शांतिपूर्ण रूप से मनाने का आग्रह करे। जिससे शांति भंग की स्थिति नहीं बने और अप्रिय घटना घटित नहीं हो। सीएलजी सदस्य शिक्षाविद सुरेंद्र सिंह परमार ने बताया कि बैठक के दौरान सीएलजी सदस्यों ने शहर के मुख्य रास्तों और बाजार में बढ़ रहे अतिक्रमण और जाम की समस्या का मुद्दा उठाया था। जिससे प्रशासन से राहत दिलाने की मांग की। सीओ सहित अधिकारियों ने बताया है कि जल्द ही वे नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी और बाड़ी उपखंड अधिकारी से वार्ता का इस समस्या का समाधान करेंगे, नो पार्किंग के बोर्ड लगाए जाएंगे, वहीं अतिक्रमण न हो इसको लेकर भी ठोस कार्रवाई की जाएगी।

जगदीश जगरिया ने बताया कि कुछ दिन पहले गर्ल्स स्कूल के पास भारी वाहन के तेज गति में होने के चलते स्कूटी सवार युवक की पहिए के नीचे आने से दर्दनाक मौत हुई थी। ऐसा हादसा फिर से नहीं हो इसको लेकर प्रशासन से मांग की है।

शांति शांति की बैठक में कांग्रेस जिला पदाधिकारी रोशनी शिवहरे, जगदीश जगरिया, कारी इस्लामुद्दीन, राकेश दीक्षित, महेश भटेले, आर्यन राय, रविंद्र बंसल, , राकेश सिंघल, जितेंद्र शर्मा के साथ तमाम लोग मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में प्रदेश स्तरीय रोजगार उत्सव, धौलपुर में 326 युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** प्रदेश में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में शनिवार को अजमेर स्थित कायड़ विश्राम स्थली में प्रदेश स्तरीय रोजगार उत्सव का भव्य आयोजन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने प्रदेश को 16,600 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए उनका शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। साथ ही 21,800 से अधिक युवाओं को विभिन्न विभागों में सरकारी सेवा के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किए। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति है, और सरकार पारदर्शी व मेरिट आधारित भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से रोजगार के अवसर निरंतर बढ़ा रही है।

इसी क्रम में धौलपुर जिला मुख्यालय पर नगर परिषद टाउन हॉल में प्रातः 10:30 बजे जिला स्तरीय रोजगार उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से जोड़ा गया। साथ ही जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया, जिससे बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं अभिभावक इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने 326 नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र एवं किट प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने नवचयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह केवल नौकरी नहीं, बल्कि जनसेवा का अवसर है। उन्होंने सभी कार्मिकों से अपेक्षा की कि वे ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा जिले के विकास में सक्रिय योगदान दें।

### युवाओं में उत्साह का माहौल

कार्यक्रम के दौरान नव नियुक्त कार्मिकों और उनके परिजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवाओं ने इसे अपने जीवन का गौरवपूर्ण क्षण बताया। कई युवाओं ने कहा कि पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से उन्हें यह अवसर मिला है, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित हुआ है और परिवार में खुशी का माहौल है।

कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए एन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलेक्टर हरिराम मीना, उपखंड अधिकारी कर्मवीर सिंह, सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं नव नियुक्त कार्मिक उपस्थित रहे।

## विधानसभा क्षेत्र चौमूं में 15 करोड़ की लागत से होगा सड़कों का निर्माण कार्य

बढ़ता राजस्थान



**चौमूं ( दिनेश कुमार कुमावत )।** राजस्थान वित्त एवं विनियोग विधेयक 2026 पर शुक्रवार को सदन में चर्चा के दौरान माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा विधानसभा क्षेत्र चौमूं में सडक़ों के निर्माण कार्य हेतु 15 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने सडक़ो की स्वीकृति की अनुशंसा कर मुख्यमंत्री से सडक़ों की स्वीकृति की मांग की थी। 15 करोड़ की लागत से बनने वाली सडक़ों में विकास नगर से सीतारामपुरा अण्डरपास, नांगलकलां से रेलवे फाटक, भूतेड़ा गुडलिया सडक़ से किशनमानपुरा, किशनमानपुरा सडक़ से नेतडो की ढाणी तक, बालाजी मंदिर आष्टी से जूनसिया सडक़, स्टेडियम से स्टेशन रोड गोविन्दगढ़, नर्सरी से घाटी तक महारकलां, किरत सिंह का बास से लक्ष्मीनारायण के मकान तक, हीरा का बास से खेता की ढाणी तक, रींगस सडक़ से रीको तक, जलिन्द्रो की ढाणी से कालाडेरा सडक़ कार्य जिसकी अनुमानित दूरी 17 किलोमीटर के लिए 7 करोड़ रुपये और गुवारडी से प्रागपुरा, पेट्रोल पम्प से प्रागपुरा सडक़, चन्दवाजी सडक़ से बिरदीचन्द सरपंच की ढाणी, खोजो की ढाणी से सबलपुरा, हाडौता स्टेण्ड से रामेश्वर के मकान तक, मानपुरा सडक़ से कुमावतों के श्मशान, विमलपुरा सडक़ से रूडज़ी की ढाणी, गीदा का बास से किशनमानपुरा सडक़ वाया कुमावतों की ढाणी, शिव मंदिर से आष्टी, भूतेड़ा सडक़ से कमलेश एपीपी के मकान, समरपुरा से भरियाला तक, चारणवास से सारड़ीवालों की ढाणी तक सडक़ निर्माण जिसकी अनुमानित दूरी 18.50 किलोमीटर के लिए 8 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की सडक़ों की स्वीकृति से ग्रामवासियों को आवागमन मे राहत मिलेगी।

## दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** पनियाला मोड़ स्थित दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्या शिल्पा सिंह ने मशाल प्रज्वलित करके किया। प्रतियोगिता में मार्च पास्ट, सेल्फ डिफेंस ड्रिल, योग ड्रील, पीटी ड्रिल, फ्लावर ड्रिल, एरोबिक्स ड्रिल, फन गेम, बॉल रेस, कॉन रेस, फजल रेस, 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर रिले का आयोजन हुआ। विद्यालय के चारों सदनों, ब्रह्मपुत्र, नर्मदा, कावेरी और यमुना के विद्यार्थियों ने अपने जोश और अनुशासन से प्रतियोगिता को आकर्षक बना दिया। प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 9 वीं तक के खिलाडियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में यमुना सदन ने प्रथम पुरस्कार, ब्रह्मपुत्र सदन ने द्वितीय, कावेरी सदन को उत्कृष्ट अनुशासन और आकर्षक प्रस्तुति के लिए बेस्ट परेड पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि खेलों से हमारा शारीरिक व मानसिक विकास होता है। ऐसे में बच्चों में नेतृत्व की भावना विकसित करने के लिए ऐसी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन जरूरी है। उन्होंने विजेता खिलाडियों को बधाई देते हुए अन्य बच्चों को भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। मैनेजमेंट के आनंद मित्तल ने कहा कि मस्तिष्क के विकास का साधन यदि शिक्षा है तो शारीरिक विकास का साधन खेल हैं। इससे बच्चों में स्नेह और मित्रता का भाव जागृत होता हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्कूली बच्चो सहित शिक्षक गण उपस्थित थे।

## कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर एक प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविधालय में शनिवार को प्रो. सी.वी. रमन द्वारा खोजे गये रमन प्रभाव की स्मृति में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर एक प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्राओं में वैज्ञानिक चेतना, तार्किक दृष्टिकोण तथा नवाचार की भावना का विकास करना रहा। अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. आर. पी. गुर्जर ने की। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि विज्ञान केवल एक विषय नहीं, बल्कि जीवन को देखने का एक दृष्टिकोण है। उन्होंने छात्राओं से वैज्ञानिक सोच विकसित करने, जिज्ञासा बनाये रखने तथा राष्ट्रीय मूल्यों का सम्मान करते हुये राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के वैष्विक और प्रतिस्पर्धी युग में वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही व्यक्ति और समाज को प्रगतिशील दिशा प्रदान करता है। मुख्य वक्ता डॉ. जे. आर. गुर्जर ने छात्राओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तार्किक सोच के महत्व पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। प्रो. भावना चौधरी ने कहा कि विज्ञान और तकनीक आज हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। उन्होंने छात्राओं को नवीन तकनीकों से परिचित रहने, डिजिटल साक्षरता बढ़ाने तथा समकालीन वैज्ञानिक विकास से स्वयं को अद्यतन रखने की प्रेरणा दी। बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति ने यह दर्शाया कि महाविद्यालय में विज्ञान के प्रति गहरी रुचि और जागरूकता विद्यमान है। समापन में यह संदेश दिया गया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प है। महाविद्यालय परिवार ने यह प्रतिबद्धता व्यक्त की कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से छात्राओं में जिज्ञासा, नवाचार और तार्किकता की भावना को निरंतर प्रोत्साहित किया जाता रहेगा।

# आयुष औषधियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है -कुलपति प्रो. संजीव शर्मा

## आयुष औषधियों की सुरक्षा पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला, फार्माकोविजिलेंस को मजबूत करने पर जोर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** आयुष औषधियों की सुरक्षा, दुष्प्रभाव की रिपोर्टिंग और भ्रामक विज्ञापनों की निगरानी जैसे अहम विषयों पर 27 एवं 28 फरवरी 2026 को दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभर से 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य आयुष फार्माकोविजिलेंस के प्रति जागरूकता बढ़ाना और रिपोर्टिंग सिस्टम को और अधिक प्रभावी बनाना रहा। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में आयोजित इस राष्ट्रीय कार्यशाला में पांच तकनीकी सत्र हुए। इन सत्रों में विशेषज्ञों ने आयुष औषधियों की सुरक्षा, दुष्प्रभावों की पहचान और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया, भ्रामक विज्ञापनों की शिकायत कैसे करें तथा आयुष सुरक्षा पोर्टल के उपयोग की विस्तृत



जानकारी दी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर संबोधित करते हुए कहा कि आयुष मंत्रालय फार्माकोविजिलेंस को लेकर पूरी तरह सजग है और इस गंभीर विषय पर विशेष ध्यान दे रहा है। उन्होंने बताया कि मंत्रालय पिछले दस वर्षों से राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस कार्यक्रम को मजबूत और व्यापक बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कहा, 'आयुष औषधियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि हम दुष्प्रभावों की सही समय पर रिपोर्टिंग करेंगे तो मरीजों की सुरक्षा और विश्वास दोनों मजबूत होंगे। सभी चिकित्सकों, शोधकर्ताओं और छात्रों को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।' इंटरमीडियरी फार्माकोविजिलेंस सेंटर के समन्वयक प्रोफेसर सुदीप्त रथ और सह-समन्वयक डॉ. तरुण शर्मा ने बताया कि देशभर में करीब 100 परिधीय केंद्र आयुष फार्माकोविजिलेंस के तहत कार्य कर रहे हैं। ये केंद्र आयुष औषधियों से संबंधित दुष्प्रभावों और भ्रामक विज्ञापनों की रिपोर्ट एकत्र कर आगे कार्रवाई के लिए भेजते हैं। उन्होंने बताया कि इन केंद्रों से 20 जूनियर रिसर्च फेलो ने कार्यशाला में भाग लिया और आयुष सुरक्षा पोर्टल के माध्यम से रिपोर्टिंग की प्रक्रिया का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम में संस्थान की कुलसचिव प्रोफेसर अनीता शर्मा, राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस केंद्र के समन्वयक एवं सह-समन्वयक, डीन, विभागाध्यक्ष, आयोजन समिति के सदस्य एवं पीएचडी और पीजी शोधार्थी उपस्थित रहे।

## रामाज पैलेस में जयपुर गारमेंट क्लब का भव्य होली मिलन समारोह आयोजित





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** टोंक रोड स्थित रामाज पैलेस में जयपुर गारमेंट क्लब द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब के सभी सदस्यों का पारंपरिक तरीके से चंदन का तिलक लगाकर, दुपट्टा ओढ़ाकर एवं पचरंगी पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया। समारोह के दौरान राजस्थानी कलाकारों ने चंग की थाप पर धमाल प्रस्तुत कर माहौल को उत्सवमय बना दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इसके साथ ही सदस्यों ने फूलों की होली खेलकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक जैन, अशोक गुप्ता, महावीर टेलर, चंदीराम, केशव शुक्ला, सिद्धार्थ जैन, शंकर जोशी एवं मोहित टेलर सहित क्लब के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस अवसर पर जयपुर गारमेंट क्लब की ओर से घोषणा की गई कि 'जयपुर गारमेंट क्लब एक्सपो 2027 (सीजन-4)' का आयोजन 8 एवं 9 जनवरी 2027 को जयपुर शहर में किया जाएगा। क्लब के सदस्यों ने इस एक्सपो को भव्य और सफल बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

## साकार होगा पत्रकारों का आवास का सपना, वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकारों की पेंशन बढ़ोतरी,सीएम का आभार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** आज पत्रकारों के लिए सुनहरा दिन है। हमारी लंबी कोशिश के बाद आखिरकार सरकार ने पत्रकार आवासीय योजना की घोषणा की है। इस मामले में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी का व्यक्तिश आभारी हूं। बजट भाषण में यह घोषणा नहीं हो पाने के बाद मुख्यमंत्री जी से आग्रह किया गया। मैं स्वयं अपनी कार्यकारिणी के साथ इस मामले में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। सीएमओ और सचिवालय देखने वाले पत्रकार साथियों ने मदद की। सभी पत्रकार साथियों को बधाई। अधिस्वीकृत पेंशन पत्रकार सम्मान निधि में 15 हज़ार से 18 हज़ार बढ़ोतरी की है। हमारा काम अब जल्द से जल्द आवासीय योजना को मूर्तरूप लाना और पेंशन सम्मान निधि में बढ़ोतरी को तत्काल लागू करवाना रहेगा। बाकी अन्य मांगों को लेकर सरकार के संपर्क में रहकर पूरा करवाने पर काम करेंगे ।

विधानसभा में घोषणा के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया। साथ ही जल्द योजना को मूर्त रूप देने पर चर्चा की।

# सिविल लाइंस प्रीमियर लीग का महामुकाबला आज

## विजेता को 51 हजार रुपए और उपविजेता को 21 हजार रुपए नगद इनाम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** विधायक गोपाल शर्मा की पहल पर सिविल लाइंस विधानसभा के 'सिविल लाइंस प्रीमियर लीग' में गणपति नगर रेलवे क्रिकेट मैदान में पिछले 8 दिन से लगातार मुकाबले चल रहे है। जिसका फाइनल मैच आज सिविल लाइन राइडर्स और हरीनगर टाइगर्स के मध्य खेला जाएगा। सिविल लाइन प्रीमियर लीग के प्रथम सेमीफाइनल मैच में हरीनगर टाइगर्स ने गणपति फाइटर्स को 13 रन से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। हरीनगर टाइगर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 137 रन बनाए। जिसमें रामचंद्र



का 45 रन का योगदान रहा। जवाब में गणपति फाइटर्स ने 9 विकेट पर मात्र 124 रन ही बनाए। मैच का मैन ऑफ दी मैच के ऑलराउंडर आकाश सरवन (35 रन, 4 विकेट) को दिया गया। दूसरे मैच में सिविल लाइन राइडर्स ने सोडाला एवेंजर्स को 45 रन से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। सिविल लाइन राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कौशल सैनी के 54 रन से 6 विकेट के नुकसान पर 156 रन बनाए। जवाब में सोडाला एवेंजर्स के सभी खिलाड़ी 111 के स्कोर पर आउट हो गई। जिसमें कैलाश सैनी ने 2 विकेट और लक्की टाइगर में 3 विकेट लिए। मैच का मैन ऑफ दी मैच कौशल सैनी को दिया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक नवरत्न राजोरिया,पूर्व जिला अध्यक्ष संजय जैन, शहीद मेजर संकल्प यादव के पिता जी मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर सिविल लाइंस विधानसभा के मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, आयोजन समिति, अनुशासन समिति, कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति उपस्थित रही। लीग से पूरी विधानसभा में खेल और उत्सव का माहौल है। लीग का फाइनल आज गणपति नगर के रेलवे मैदान में आज खेला जाएगा। जिसमें विजेता को इनामी राशि 51 हजार रुपए और उपविजेता को 21 हजार रुपए नगद है।

## शादी का झांसा दे दस साल तक युवती से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर के पुलिस कमिश्नरेट इलाके में रहने वाली 32 वर्षीय युवती ने अपने ही प्रेमी के खिलाफ शादी का झांसा देकर 10 साल तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने पीडिता के बयानों के आधार पर आरोपी प्रेमी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि 32 वर्षीय युवती का आरोप है कि आरोपी प्रेमी से उसकी 10 साल पहले मुलाकात हुई थी। जिसके बाद आरोपी ने उसे शादी का झांसा दिया और लिव इन रिलेशनशिप में रखकर उसके साथ दुष्कर्म किया। शादी का दबाब बनाने पर आरोपी टालमटोल करता रहा और अपने दोस्तों के साथ फिजिकल रिलेशन बनाने का दबाव डालने लगा। पीडिता ने इस बात का विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की । जिसके बाद आरोपी ने उसके अश्लील वीडियों बना लिए और वायरल करने की धमकी देने लगा। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर युवती आरोपी से अलग रहने लगी। जिसके बाद आरोपी प्रेमी आए दिन गाली-गलौच करने उसे परेशान करने लगा। रोज-रोज की धमकियों से परेशान होकर युवती ने पुलिस की मदद ली।

# आमजन की सेवा को अपना ध्येय मानते हुये टीम भावना से करें कार्य : डॉ. गुर्जर

## पूर्व बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर का हुआ स्वागत-अभिनन्दन, दो वर्ष के कार्यकाल की दी विस्तार से जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के सराय मौहल्ला स्थित राजकीय सरदार जनाना अस्पताल परिसर में खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को पूर्व बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर का साफा व माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर पूर्व बीसीएमओ डॉ. गुर्जर ने सभी का धन्यवाद् ज्ञापित करते हुये होली पर्व की शुभकामनायें दी। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान दो वर्ष में किये कार्यो की विस्तार से जानकारी देते हुये बताया कि पिछले दो वर्ष के कार्यकाल में बीसीएमओ कार्यालय की कायाकल्प करके राज्य स्तर पर सम्मानित करवाया गया। उप स्वास्थ्य केन्द्रों तक डिजिटाईजेषन किया गया, कोटपूतली बीसीएमओ कार्यालय के मॉडल को मेडीकल और दुसरे विभागों भी भी अपनाकर अपने ऑफिस की कायाकल्प कर रहे हैं, दूर दराज के गांवों में स्टॉफ की ड्यूटी की सुनिश्चित की, वहीं अन्य विभागों से भी अच्छा कॉर्डिनेषन



बैठाकर कार्य किया गया, दो वर्ष में संस्थाओं को बिजली, पानी, जमीन, पट्टा, इन्टरनेट कनेक्टिविटी, इन्वेंटर, कैमरे जैसी बेसिक फेसिलिटी पर जोर शोर से काम करके स्टॉफ को टाईम से ड्यूटी के लिये पाबंद किया गया, गांवों में हाईपरटेंशन व डायबिटिज के मरीजों को स्थानीय स्तर पर उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर ही दवायें उपलब्ध करवाई गई, ताकि उन्हें जिला अस्पताल व अन्य चिकित्सा संस्थानों पर जाने में होने वाली परेशानी से निजात मिल सकें।

उन्होंने सभी से आमजन की सेवा को अपना ध्येय मानते हुये टीम भावना से कार्य करने की बात कही। इस दौरान बीसीएमओ डॉ. धर्मेन्द्र, बीपीओ विजय तिवाड़ी, राजेन्द्र मीणा, संजीव कुमार सिरोहीवाल, ख्यालीराम यादव, बनवारी लाल, अमित गुर्जर, महेन्द्र कुमार स्वामी, प्रेमप्रकाश सैनी, सुरेश सैनी, रामरतन, प्रवीण सैनी समेत स्टॉफ सदस्य मौजूद रहें।


फार्म- 4

(नियम 8 देखिए)

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशन का स्थान | : जयपुर |
| 2. प्रकाशन अवधि | : दैनिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय |
| (क्या आप भारत के नागरिक है?) | : हॉ |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश ) | : नहीं |
| पता | : 185/116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर |
| 4. प्रकाशक का नाम | : श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय |
| (क्या आप भारत के नागरिक है?) | : हॉ |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश ) | : नहीं |
| पता | : 185/116 ''प्रतीक्षा''सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर |
| 5. सम्पादक का नाम | : तनुजा पठान |
| (क्या आप भारत के नागरिक है?) | : हॉ |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश ) | : नहीं |
| पता | : 185/116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर |
| 6.उस स्थान का पता जहां वास्तव में मुद्रण कार्य होता है | : बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक |
| 7. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हो तथा जो समस्त पूंजी के 1 प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | : श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय<br>: 185/116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर |

मैं : श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय एतद्द्वारा घोषणा करती हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य है।

दिनांक : 1 मार्च 2026

(श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय)
प्रकाशक के हस्ताक्षर

## सम्पादकीय

# एक नई जंग, मिडिल ईस्ट में बढ़ा तनाव

अमेरिका जिस तरह बीते कुछ दिनों से ईरान को चेतावनी देने के साथ ही उसकी घेरेबंदी कर रहा था, उससे ऐसा लगता था कि उसका उद्देश्य उससे वार्ता कर उसे इसके लिए बाध्य करना भर है कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम का परित्याग कर दे, लेकिन उससे बातचीत के बीच ही उसने इजरायल संग उस पर हमला बोल दिया। इसके जवाब में ईरान ने भी इजरायल के साथ ही पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाना शुरू कर दिया।

उसका साथ देने के लिए लेबनान के हिजबुल्ला और यमन के हाउती भी आगे आ गए हैं। इसका परिणाम ईरान पर इजरायल एवं अमेरिका के हमले और तेज होने के रूप में ही सामने आएगा। इससे आपसी मतभेदों के दौर से गुजर रहे अरब जगत के साथ-साथ पश्चिम एशिया और अस्थिर तो होगा ही, तेल के दाम भी बढ़ सकते हैं। इसके साथ ही विश्व शांति के लिए और गहरा संकट पैदा हो सकता है। इसलिए और भी, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति



ने ईरानी जनता से अपनी सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील करते हुए कहा है कि लक्ष्य पूरा होने तक अमेरिका रुकेगा नहीं।

ट्रंप का लक्ष्य केवल ईरान के परमाणु हथियार बनाने वाले तंत्र को ध्वस्त करना ही नहीं, बल्कि वहां सत्ता परिवर्तन करना भी है। इसीलिए ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई के आवास पर भी हमले किए गए। यह जंग ऐसे समय शुरू हुई है, जब रूस-यूक्रेन युद्ध चार साल बाद भी जारी है और पिछले दिनों अफगानिस्तान एवं पाकिस्तान में भी युद्ध छिड़ गया।

इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच का सैन्य संघर्ष कहीं अधिक व्यापक असर वाला हो सकता है। इससे भारत भी प्रभावित होगा। उसके समक्ष न केवल पश्चिम एशिया के विभिन्न देशों में रह रहे लाखों भारतीयों को निकालने की चुनौती पैदा हो सकती है, बल्कि महंगे कच्चे तेल की खरीदारी की बाध्यता भी। यह भी तय है कि इस जंग में वह किसी भी पक्ष के साथ खड़ा नहीं दिखना चाहेगा।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 01 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1996 - विद्त उत्पादन हेतु थर्मो न्यूक्लियर रिएक्टर स्थापित करने के उद्देश्य से भारत, रूस, चीन और ईरान एशियन फ़ाउंडेशन फ़ॉर थर्मोन्यूक्लियर स्टडीज नामक संस्थान स्थापित करने पर सहमत।
- 1999 - मानव संहारक बारूदी सुरंगों (एंटी पर्सेनिबल माइन्स) के उत्पादन और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय संधि (ओटावा संधि) लागू हुआ।
- 2000 - मोहम्मद अहमद अल गयूम के स्थान पर मुबारक अल शामेख लीबिया के नये प्रधानमंत्री नियुक्त।
- 2001 - उत्तर-पश्चिमी अमेरिका में भूकम्प, फिजी की अंतरिम सरकार अवैध घोषित, लश्कर-ए-तोइबा सहित 21 आतंकवादी संगठनों पर ब्रिटेन में प्रतिबंध।
- 2002 - यूरो क्षेत्र के 10 देशों की मुद्रा समाप्त, 'यूरो' अब 30 करोड़ लोगों की वैध मुद्रा बना।
- 2004 - रूस के राष्ट्रपति ने मिखाइल फ़्रैदकोव को प्रधानमंत्री नियुक्त किया। हैती के राष्ट्रपति ज्यों बर्तरा एसिस्तदे देश छोड़कर दक्षिण अफ़्रीका भागे।
- 2005 - सोयूज-यू राकेट कजाकिस्तान के बैकानूर अंतरिक्ष केन्द्र से प्रक्षेपित।
- 2006 - अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश राजकीय यात्रा पर भारत पहुँचे।
- 2007 - अमूल्य नाथ शर्मा नेपाल के प्रथम बिशप बने।
- 2008-उत्तर प्रदेश के केबिनेट सचिव शशांक शेखर ने सचिवालय के शासकीय प्रधान का दायित्व तथा कैबिनेट मंत्री का दर्जा छोड़ा। निजी क्षेत्र में देश की सबसे बड़ी वाणिज्य बैंक आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ने न्यूयार्क में अपनी शाखा खोली।
- वैज्ञानिकों ने मंगल ग्रह पर बहते हुए पानी की मौजूदगी का कोई सबूत नहीं मिलने का दावा किया।
- 2009- राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने चावला को अगले मुख्य चुनाव आयुक्त बनाने की घोषणा की।

## विशेष आलेख

# कोटा का अर्बन रीसेट: नीति आयोग के वैज्ञानिक विजन और धरातल के कंक्रीट का अंतर्द्वंद्व



अमिता शर्मा




प्रस्तावनाः कोचिंग नगरी से शहरी प्रयोगशाला तक दशकों से मेडिकल और इंजीनियरिंग की प्रतियोगी परीक्षाओं के शानदार नतीजों ने कोटा को देश की 'कोचिंग नगरी' के रूप में एक विशिष्ट पहचान दी है। लेकिन आज यह शहर एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर खड़ा है जहाँ इसकी सफलता केवल परीक्षाओं के नतीजों से नहीं, बल्कि इसके शहरी नियोजन के भविष्य से तय होगी। नीति आयोग की 2021 की रिपोर्ट 'रिफॉर्म्स इन अर्बन प्लानिंग कैपेसिटी इन इंडिया' इस बदलाव के लिए एक 'बाइबल' मानी जाती है, जो कोटा के 'अर्बन रीसेट' (शहरी पुनर्गठन) के लिए एक वैज्ञानिक खाका प्रदान करती है।

**1. डिजिटल डीएनए और डेटा सिंकिंग की विफलता**

विजनः शहर का एक 'डिजिटल डीएनए' या 'डिजिटल ट्विन' (शहर का हूबहू कंप्यूटर मॉडल) तैयार होना था। इसका उद्देश्य निर्माण से पहले थ्री-डी सिमुलेशन के जरिए यातायात और ढांचे का पूर्वाभ्यास करना था।

हकीकतः कोटा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में विभिन्न विभागों (यूआईटी, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी) के बीच सूचनाओं के आपसी तालमेल (डेटा सिंकिंग) की भारी कमी रही। बिना डिजिटल अलाइनमेंट के बने फ्लाईओवर्स और एरोड्रम सर्किल जैसे क्षेत्रों में 'टेढ़े-मेढ़े' रास्तों की डिज़ाइन इसका परिणाम हैं। इन फ्लाईओवर्स के कारण एक नई समस्या जन्म ले रही है—ओवरस्पीडिंग। फ्लाईओवर पर खुली सडक़ देखकर लोगों को लगता है कि 'ऊपर तो कुछ भी नहीं होगा' (कोई सीधा खतरा नहीं है), और वे इतनी तेज गति से गाडियां चलाते हैं कि भयंकर दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। इसके अलावा, एक बड़ी खामी यह भी सामने आई है कि ये फ्लाईओवर लंबी दूरी के सफर या शहर को पार करने वालों के लिए तो सार्थक साबित हुए हैं, लेकिन शहर के अंदर का लोकल ट्रैफिक आज भी जस का तस फंसा हुआ है। यदि निर्माण से पहले सिमुलेशन का उपयोग होता, तो इन व्यावहारिक समस्याओं को पहले ही सुलझाया जा सकता था।

**2.टीओडी , 'हीट कैन्यन' और मानसिक स्वास्थ्य का संकट**

विजन- नीति आयोग ने ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट का सुझाव दिया था—यानी सुरक्षित और सुलभ पैदल रास्तों वाली सघन बसावट जहाँ छात्र आसानी से आवाजाही कर सकें।

हकीकत- कुन्हाड़ी और लैंडमार्क सिटी में हॉस्टल्स के बेतरतीब निर्माण ने 'हीट कैन्यन' (गर्मी सोखने वाली कंक्रीट की तंग घाटियाँ) बना दी हैं। ये इमारतें वेंटिलेशन को रोक देती हैं, जिससे स्थानीय तापमान सामान्य से काफी अधिक रहता है। हवा और प्राकृतिक रोशनी की इस कमी से पनपने वाले घुटन भरे वातावरण का सीधा असर छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। कंक्रीट के इन जंगलों में अकेलापन और अवसाद तेजी से पनपता है, जो आज कोटा की सबसे बड़ी चुनौती है।

**3. 'वॉटर स्पंज' बनाम 'वॉटर सूप'**

विजन- शहर को एक 'स्पंज सिटी' बनना था, जो हाइड्रोलॉजिकल मॉडलिंग के ज़रिए बारिश के पानी को वैज्ञानिक तरीके से ज़मीन के अंदर सोख ले।

हकीकतः अत्यधिक कंक्रीटीकरण के कारण ज़मीन की सोखने की क्षमता खत्म हो गई है। लैंडमार्क सिटी जैसे इलाके अब 'वॉटर सूप' (सडक़ों पर गहरा जलभराव) में बदल गए हैं, जो बुनियादी ढांचे की उम्र कम करने के साथ-साथ छात्रों के लिए अस्वस्थकर स्थितियाँ पैदा करता है।

**4. वित्तीय प्रबंधन-वीसीएफ की चूक**

विजनः वैल्यू कैप्चर फाइनेंसिंग के तहत सरकार को बड़े प्रोजेक्ट्स से बढने वाली ज़मीन की कीमतों का एक हिस्सा वसूल कर, वापस उसी इलाके के रखरखाव में लगाना था। इसका प्रबंधन एक सशक्त एसपीवी के माध्यम से होना था। हकीकतः कुन्हाड़ी जैसे इलाकों में संपत्तियों के दाम तो आसमान छू गए, लेकिन एकीकृत प्रशासनिक नेतृत्व के अभाव में सरकार उस बढ़ी हुई कीमत को 'कैप्चर' नहीं कर पाई। नतीजतन, आज बुनियादी मरम्मत के लिए भी स्थानीय निकायों के पास फंड की भारी कमी है।

**5. पुरानी गलतियों से सबकः रानपुर और 'अर्बन रीसेट' का नया अर्थ**

कोटा के पास अपनी गलतियों को सुधारने का दूसरा मौका रानपुर के रूप में मौजूद है। इसे एक 'कोरी पट्टी' की तरह विकसित किया जा रहा है। यहीं पर 'अर्बन रीसेट' का असली आर्थिक और सामाजिक अर्थ सामने आता है। आने वाले समय में जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कई पारंपरिक रोजगारों को खत्म कर सकता है, तब हमारे शहरों का ढांचा ऐसा होना चाहिए जो स्थानीय और छोटे व्यवसायों को पनपने का सुरक्षित माहौल दे। रानपुर में 'लैंड पूलिंग' के जरिए विकसित हो रहा '15-मिनट सिटी' का मॉडल न केवल हर सुविधा को पैदल दूरी पर लाएगा, बल्कि यह 'स्मॉल बिजनेस ज़ोन' के रूप में रोजगार का एक बड़ा केंद्र बन सकता है। यहाँ कोटा डोरिया और कोटा स्टोन के साथ-साथ, हाड़ौती क्षेत्र की पारंपरिक 'मंदाना कला' पर आधारित टेक्सटाइल और परिधान उद्योग को विशेष रूप से बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है)**

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपका दिन तेज रफ्तार में बीतने वाला है, मानो कामों की लंबी सूची आपका इंतजार कर रही हो। हालांकि आपको यह ध्यान रखना होगा कि हर काम जरूरी नहीं होता, इसलिए बेवजह की भागदौड़ से बचना

**वृष**
आज आपको आलस्य को पीछे छोड़क़र पूरे जोश के साथ आगे बढऩा होगा, क्योंकि जिम्मेदारियां आपका इंतजार कर रही हैं। कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलने से शुरुआत में घबराहट हो सकती है।

**मिथुन**
आज नए काम की शुरुआत के लिए अच्छा समय है, इसलिए यदि आप कुछ नया करने का सोच रहे थे, तो कदम बढ़ा सकते हैं। जीवनसाथी के साथ चल रही अनबन बातचीत से सुलझ जाएगी और रिश्तों में फिर से मधुरता लौटेगी।

**कर्क**
आज आपका मन सेवा और परोपकार के भाव से भरा रहेगा। आप जरूरतमंदों की मदद करने में आगे आएंगे और इससे आपको आत्मिक संतोष मिलेगा।

**सिंह**
आज का दिन सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा, लेकिन कार्यक्षेत्र में किसी से हल्की कहासुनी हो सकती है, इसलिए संयम बनाए रखें।

**कन्या**
आज खुशखबरियों की जैसे झड़ी लग सकती है। व्यवसाय में किए गए बदलाव सकारात्मक परिणाम देंगे और आपका आत्मविश्वास बढ़ाएंगे। बॉस के साथ चल रही दूरी खत्म होगी और रिश्ते बेहतर बनेंगे। घर की साज-सज्जा

**तुला**
आज आपको हर कदम सोच-समझकर उठाने की जरूरत होगी। पुरानी गलतियों से सीख लेकर आगे बढऩा ही आपकी सफलता की कुंजी बनेगा। बिना मांगे सलाह देने से बचें और अपने आसपास के लोगों पर नजर रखें। यदि यात्रा पर जाएं।

**वृश्चिक**
आज आप प्रगति की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाएंगे। परिवार के बड़े सदस्यों की भावनाओं का सम्मान करना आपके रिश्तों को मजबूत बनाएगा। परिवार में संपत्ति या बंटवारे को लेकर चर्चा हो सकती है।

**धनु**
आज का दिन समझदारी से फैसले लेने का है। बच्चों के साथ समय बिताने से मन प्रसन्न रहेगा और घर में हंसी-खुशी का माहौल बनेगा। काम से जुड़ी कोई चिंता थी, तो वह अब दूर होती दिखेगी।

**मकर**
आज का दिन सुखद और लाभकारी रहेगा। परिवार में नए मेहमान के आने से खुशियों का माहौल बनेगा। शेयर मार्केट या निवेश से लाभ मिलने की संभावना है।

**कुंभ**
आज आप ऊर्जा और उत्साह से भरे रहेंगे। किसी सामाजिक या राजनीतिक कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिलेगा, जिससे आपकी छवि मजबूत होगी और सम्मान भी मिल सकता है। माताजी से किया कोई वादा पूरा करने

**मीन**
आज का दिन आनंद और हल्के-फुल्के पलों से भरा रहेगा। आप परिवार के साथ बैठकर पुराने मतभेद सुलझाने में सफल रहेंगे। मन में किसी के प्रति ईर्ष्या या द्वेष न रखें, क्योंकि सकारात्मक सोच ही आपको आगे बढ़ाएगी।

# फीके पड़ते रंग, टूटते रिश्ते

### (जब होली सिर्फ त्योहार नहीं, अपनापन हुआ करती थी)



डॉ. सत्यवान सौरभ

*वसंत पंचमी से ही इसकी तैयारियाँ शुरू हो जाती थीं। मंदिरों में फाग गूँजने लगता था, चौपालों पर ढप-चंग की थाप सुनाई देती थी और गाँव-मोहल्लों में रसिया गाने वालों की टोलियाँ निकल पड़ती थीं।*

**सार :** कभी होली केवल रंगों का नहीं, रिश्तों का उत्सव हुआ करती थी। फाल्गुन आते ही मोहल्लों में गीत गूँजते थे, बच्चे टोली बनाकर रंग खेलते थे और बड़े दिल खोलकर गले मिलते थे। आज वही होली औपचारिक संदेशों और सीमित दायरों में सिमट गई है। तकनीक और बदलती सामाजिक परिस्थितियों ने सुविधाएँ तो बढ़ाईं, लेकिन अपनापन कहीं पीछे छूट गया। परंपराएँ, लोकगीत और सामूहिक उल्लास धीरे-धीरे स्मृतियों का हिस्सा बनते जा रहे हैं।

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

होली भारतीय समाज का ऐसा पर्व रहा है, जो केवल रंगों तक सीमित नहीं था। यह मनुष्यों के बीच की दूरी मिटाने, वर्षों की कड़वाहट धो डालने और रिश्तों में नई ताजगी भरने का अवसर हुआ करता था। फाल्गुन का महीना आते ही वातावरण में एक अलग-सी उमंग घुल जाती थी। हवा में गुलाल की गंध, गलियों में बच्चों की किलकारियाँ और घर-घर से उठती लोकगीतों की स्वर-लहरियाँ जीवन को उत्सव में बदल देती थीं। पर आज की होली, बीते समय की होली से काफ़ी अलग दिखाई देती है। समय के साथ समाज बदला है, तकनीक बढ़ी है, सुविधाएँ आई हैं—लेकिन इन्हीं बदलावों के बीच कहीं न कहीं रिश्तों की ऊष्मा ठंडी पड़ गई है। रंग अब भी हैं, पर वे दिलों तक नहीं पहुँच पाते। एक समय था जब होली का मतलब केवल एक दिन का उत्सव नहीं होता था। वसंत पंचमी से ही इसकी तैयारियाँ शुरू हो जाती थीं। मंदिरों में फाग गूँजने लगता था, चौपालों पर ढप-चंग की थाप सुनाई देती थी और गाँव-मोहल्लों में रसिया गाने वालों की टोलियाँ निकल पड़ती थीं। यह सामूहिकता ही होली की आत्मा थी। बच्चे मोहल्लों में समूह बनाकर होली का दान इक_ा करते थे। किसी ने मना भी कर दिया, तो बुरा नहीं मानते थे—हँसते-हँसाते आगे बढ़ जाते थे। रंग लगाना अपराध नहीं, अपनापन जताने का तरीका था। कोई डाँट भी दे, तो उसे होली की मस्ती समझकर भुला दिया जाता था। आज वही बच्चे मोबाइल की स्क्रीन में सिमट गए हैं, और मोहल्ले संवादहीन हो चले हैं। होली का सबसे सुंदर पक्ष यह था कि उस दिन सामाजिक भेद-भाव धुंधले पड़ जाते थे। अमीर-गरीब, छोटा-बड़ा, अपना-पराया—सब एक ही रंग में रंगे नजऱ आते थे। दुश्मन भी गले मिल लेते थे। 'बुरा न मानो, होली ह' केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि सामाजिक सहमति थी कि आज दिल खोलकर जिया जाएगा। आज वही वाक्य मज़ाक बनकर रह गया है। लोग रंगों से ज़्यादा सीमाएँ बचाने में व्यस्त हैं। कहीं कोई अनहोनी न हो जाए, कहीं कोई विवाद न खड़ा हो जाए—इस डर ने होली की सहजता छीन ली है। पहले घर-घर पकवान बनते थे। गुजिया, दही-बड़े, मालपुए और ठंडाई की खुशबू पूरे मोहल्ले में फैल जाती थी। पड़ोसियों की बहू-बेटियाँ भी अपने ही घर की सदस्य मानी जाती थीं। मेहमानों का स्वागत खुले दिल से होता था। आज उत्सव घर की चार दीवारों तक सिमट गए हैं। एक औपचारिक होली मुबारक या हैप्पी होली का संदेश रिश्तों की गर्मजोशी का स्थान ले चुका है।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है)**

## लघु कथा — बढ़ता राजस्थान

### बुराई का जोर बुरे पर

दो भाई थे। एक भूत की पूजा करता था, दूसरा भगवान की। भूत भगवान की पूजा करने वाले भाई को नाना प्रकार के लोभ-प्रलोभन दिखाता था, जिससे वह उसकी ओर आकृष्ट हो; परन्तु जब वह भाई इनसे विचलित नहीं हुआ तब वह भूत उसे तरह-तरह से डराने लगा। परन्तु जब इससे भी वह भाई अपनी भगवद्भक्ति में अटल रहा, तब तो भूत बड़ा निराश हुआ। एक दिन भूत ने अपनी पूजा करने वाले भाई को स्वप्न दिया और कहा, देख तू अपने भगवान की पूजा करने वाले भाई को मना ले वरना तुझे मार डालूगा । भूत-भक्त भाई ने कहा, वाह, यह खूब रही ! मैं तुम्हारी पूजा करूँ और तुम मुझे ही मारो। भूत ने कहा, क्या करूँ, मेरा वश तुम्हारे ऊपर ही चलता है, क्योंकि वह दूसरा तो मुझे मानता ही नहीं। शैतान का जोर शैतान पर ही चलता है जिसमें शैतानियत नहीं, उसका शैतान क्या बिगाड़ सकता है। काम, क्रोध, लोभ ही बड़े शैतान है। गीता में इन्हीं तीनों को नरक के द्वार बताया गया है, परन्तु इन तीनों में से एक को भी जो अपने अन्दर घर करने नहीं देता उसका कोई क्या बिगाड़ सकता है ?



## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# अगर आप भी हैं इन 5 बीमारियों के शिकार, तो आज ही छोड़ दें अदरक का सेवन

1. ब्लीडिंग -डिसऑर्डर वाले मरीज अदरक में 'सैलिसिलेट्स' होता है जो खून को पतला करता है। यदि आपको हीमोफीलिया या नाक से खून आने जैसी समस्या है, तो अदरक का सेवन ब्लीडिंग को बढ़ा सकता है और दवाओं के असर को खत्म कर सकता है।
2. गर्भावस्था- में सावधानी गर्भावस्था के शुरुआती महीनों में मॉर्निंग सिकनेस के लिए अदरक अच्छी है, लेकिन अंतिम तिमाही में इसका सेवन खतरनाक हो सकता है। इसकी गर्म तासीर और स्टिमुलेंट गुण प्री-मैच्योर लेबर या ब्लीडिंग का जोखिम बढ़ा सकते हैं।
3. वजन बढ़ाने की कोशिश कर रहे लोग -अदरक वजन घटाने वालों के लिए वरदान है क्योंकि यह फैट बर्न करती है और मेटाबॉलिज्म को तेज करती है। लेकिन अगर आप पहले से ही दुबले हैं और वजन बढ़ाना चाहते हैं, तो अदरक आपकी भूख को कम कर वजन और भी घटा सकती है।
4. गॉलब्लैडर (पित्त की थैली) की पथरी- यदि आपको पित्त की थैली में पथरी है, तो अदरक का सेवन 'बाइल जूस' के उत्पादन को बढ़ा देता है। इससे पथरी का मार्ग अवरुद्ध हो सकता है और पेट में अचानक तेज दर्द की समस्या पैदा हो सकती है।
5. हाई बीपी और डायबिटीज की दवाओं पर निर्भर लोग-जो लोग ब्लड प्रेशर या शुगर की नियमित दवाइयां ले रहे हैं, उनके लिए अदरक 'ड्रग इंटरेक्शन' पैदा कर सकती है। अदरक शुगर लेवल को अचानक बहुत कम कर सकती है, जिससे चक्कर आना या बेहोशी जैसी स्थिति बन सकती है। अब सवाल ये उठता है कि एक स्वस्थ व्यक्ति को एक दिन में कितनी मात्रा में अदरकका सेवन करना चाहिए। एक्सपर्ट की मानें तो एक हेल्दी व्यक्ति को एक दिन में 4 ग्राम से अधिक अदरक का सेवन नहीं करना चाहिए।

# रोजगार उत्सव : जिले में 489 नवचयनित अभ्यर्थियों को मिले नियुक्ति पत्र

## भाड़ौती में 220 केवी जीएसएस, कुस्तला-सवाई माधोपुर सेक्शन के फॉर लेन कार्य का शिलान्यास

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कायड़ विश्राम स्थली अजमेर में आयोजित राज्य स्तरीय रोजगार उत्सव एवं शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के ऑडिटोरियम में किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा भी प्रधानमंत्री के साथ उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला स्तरीय वर्चुअल समारोह में जिले में विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं में चयनित कुल 489 नव नियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।



जिला स्तरीय समारोह में जिला कलक्टर काना राम, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज बी.पी. मीना द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए। मंच संचालन अध्यापिका गीता जैलिया द्वारा किया गया।

इस दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि नव नियुक्त कार्मिक प्रशासन और सरकार की योजनाओं को आमजन तक प्रभावी रूप से पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ। उन्होंने सभी से संवेदनशीलता, जिम्मेदारी एवं सकारात्मक कार्यसंस्कृति के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने सवाई माधोपुर के भाड़ौती सहित करनू, मांडा, बम्बलू एवं बालेसर में 220 केवी जीएसएस व संबंधित लाईनों के निर्माण के लिए 993.96 करोड़ रुपये के 5 कार्यो और 400 केवी के दो ग्रिड सब-स्टेशन (जीएसएस) का शिलान्यास भी किया। इस दौरान सवाई माधोपुर में 111 करोड़ रुपये की लागत के नेशनल हाईवे-552 कुस्तला-सवाई माधोपुर सेक्शन के फॉर लेन कार्यो का शिलान्यास किया गया।

### अजमेर में आयोजित कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण, युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कायड़ विश्राम स्थली अजमेर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में राजस्थान को 16 हजार 600 करोड़ से अधिक की पेयजल, सिंचाई, विद्युत, अक्षय ऊर्जा, सड़क एवं अन्य परियोजनाओं का उपहार दिया। इस दौरान 21 हजार 800 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपे गए। जिला मुख्यालय के जिला परिषद सभागार में अजमेर में आयोजित कार्यक्रम एवं रोजगार उत्सव का सीधा प्रसारण किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, रोजगार पाने वाले युवा एवं आम नागरिक शामिल हुए। जहां नवनियुक्त युवाओं को चयनित पत्र सौंपे। इसको लेकर युवाओं और उनके परिजनों में उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल, एडीएम रामरतन सौकरिया,जिला परिषद सीईओ परशुराम धानका, सीएमएचओ शैलेंद्र सिंह चौधरी, मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल लोकेंद्र शर्मा, पीएमओ हनुमान बैरवा, समाजसेवी ओमप्रकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## माली (सैनी) समाज की आम चौरासी की हुई पंचायत, पटेलों ने विवादित दो जिलाध्यक्षों को किया बर्खास्त

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** जिला माली समाज की आम चौरासी की पंचायत शुक्रवार को महादेव वाली स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले सैनी छात्रावास में द्वारका सैनी निवाई की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

आम चौरासी पंचायत में समाज के प्रमुख पंच पटेलों ने विचार-विमर्श कर सभी सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि टोंक जिला माली (सैनी) समाज के जिलाध्यक्ष के पदों को लेकर जो भ्रांतियां चल रही है, उन सब को मध्य नजर रखते हुए वर्तमान में समाज को एक मंच पर लाने के लिए आज से पहले बने हुए दोनों जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया एवं पांचू लाल सैनी को बर्खास्त कर नई प्रक्रिया से टोंक जिला माली समाज का जिलाध्यक्ष चुने जाने का निर्णय लिया गया तथा बर्खास्त किय गए दोनों जिलाध्यक्षों पांचू लाल सैनी एवं कमलेश सिंगोदिया को बर्खास्त करने का नोटिस जारी कर पंचायत के निर्णय से अवगत कराया गया है। पंचायत से पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश गढ़वाल, कैलाश आर्यवीर, पूर्व सदर अध्यक्ष अचलेश सैनी, पीरूलाल पटेल, मोहनलाल बगड़ी सहित सैकड़ो की संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## अग्रवाल महिला परिषद ने फाग भजनों पर मनाया फागोत्सव

बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** अग्रवाल महिला परिषद ब्लॉक टोडारायसिंह द्वारा शनिवार को पदम प्रभु जिनालय में होली महोत्सव एवं फागोत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने रंग-बिरंगे परिधान पहनकर होली के पारंपरिक गीतों पर जमकर नृत्य किया और उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी की धर्मपत्नी राधा देवी चौधरी रहीं। अध्यक्षता महिला अग्रवाल समाज 84 परिषद की महिला अध्यक्ष बीना छामुनिया ने की। इस अवसर पर राधा-कृष्ण की सजीव एवं आकर्षक झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। अग्रवाल समाज महिला परिषद ब्लॉक टोडारायसिंह की अध्यक्ष रेखा जैन ने सभी अतिथियों एवं महिलाओं का आभार व्यक्त किया। फागोत्सव के दौरान महिलाओं ने चंग की थाप, ढोलक एवं मंजीरों की संगत पर "रंग मत डाले रे", "नैना नीचा करले रे श्याम", "घूंघटियों आड़े आग्यो जी", "जेल में जन्म लियो घनो इतरायो रे" और "आज ब्रज में होली रे रसियां", "होली खेलला आपा गिरधर गोपाल से"सहित अनेक पारंपरिक भजन गाए। महिलाओं ने फाग चुनरी ओढ़कर एक-दूसरे पर पुष्प वर्षा की और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। शाम 6 बजे सभी ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। फागोत्सव में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही।

## स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल टोडारायसिंह में कक्षा 1से 9 तक में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन फॉर्म 5 मार्च से शुरू

बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त ब्लॉक के अंग्रेजी माध्यम के स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 1 से 5 व 6 से 8 एवं 9 में रिक्त सीटों के विरुद्ध राजस्थान सरकार द्वारा जारी निर्देशानुसार कक्षा 1 से 9 तक में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है। इच्छुक छात्र/छात्रा स्थानीय विधालय से आवेदन पत्र-प्राप्त कर , 6 मार्च 2026 से 16 मार्च 2026 तक विधालय समय में प्राप्त 8.30 Am से 4pm तक प्राप्त एवं जमा करा सकते है। आवेदन पत्र जमा कराने की अन्तिम तिथि 16 मार्च 2026 है चयन सूची का प्रकाशन 23 मार्च 2026 को किया जायेगा।

## मॉडल स्कूल मे प्रवेश प्रक्रिया शुरू, अन्तिम तिथि 16 मार्च

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में सत्र 2026-27 में कक्षा 1 से 9 में रिक्त सीटो पर राजस्थान सरकार द्वारा जारी संदर्भित प्रवेश नीति के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि कक्षा 1 से 9 में इच्छुक आवेदक प्रवेश हेतु 6 मार्च से विद्यालय समय में प्रवेश प्रभारी रमेशचंद मीना से संपर्क करके निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। भरे हुए आवेदन 6 मार्च से 16 मार्च के मध्य विद्यालय में जमा होंगे। 16 मार्च के पश्चात कोई आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा। उन्होंने बताया कि कक्षा 1 से 8 के लिए 19 मार्च को चयनित आवेदको की सूची का निर्धारण किया जाएगा। 23 मार्च को चयनित आवेदकों की सूची जारी की जाएगी। 25 मार्च से 30 मार्च तक चयनित आवेदकों से प्रवेश फॉर्म भरवाए जाएंगे और कक्षा 9 के लिए 18 मार्च को प्रवेश परीक्षा होगी। 23 मार्च को परीक्षा परिणाम जारी होगा एवं 30 मार्च तक चयनित विद्यार्थियों से प्रवेश फॉर्म लिए जाएंगे तथा 1 अप्रैल से नए सत्र की कक्षाओं का विधिवत संचालन शुरू होगा। कक्षा 1 में रिक्त 40 सीटों पर प्रवेश एवं कक्षा 2 से 5 तक की कक्षाओ में सीट रिक्त होने पर प्रवेश दिया जाएगा। वैसे ही कक्षा 6 में रिक्त 40 सीटों पर प्रवेश एवं कक्षा 7 से 8 तक की कक्षाओं में सीट रिक्त होने पर प्रवेश दिया जाएगा। कक्षा 9 में भी रिक्त होने वाली सीटों पर प्रवेश परीक्षा की मेरिट लिस्ट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

## सिरस के श्री केशवराय मंदिर में हुआ फागोत्सव का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**सिरस (बढ़ता राजस्थान)।** सिरस के श्री केशवराय मंदिर में फागोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। जिसको लेकर भगवान श्री केशवराय जी की आकर्षक झांकी सजाई गई। फागोत्सव का शुभारंभ मुख्य गायक भगवतीप्रसाद मस्ताना ने गणेश वंदना के साथ किया। इसके बाद रंग मत डारे रे सांवरिया एवं आज बिरज में होली रे रसिया सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां दी। भजनों पर श्रद्धालु भक्ति रस से सरोबार होकर जमकर भक्ति नृत्य किया। इसी प्रकार गायक पूरण भांड, रामप्रसाद जाट व कजोड़ प्रजापत ने भी कई भजनों की प्रस्तुतियां दी। फागोत्सव के समापन पर महा आरती की गई। जिसमें कई श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सीताराम दाधीच, राजेंद्र पारीक, सुरेंद्र पारीक, हरिराम गुर्जर, सिखरचंद जैन, कुंज बिहारी, युगलकिशोर दाधीच, विजय नारायण बाज्या व रामकरण बुरी सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## मिलन समारोह : एकजुट संगठित होकर कार्य कर रहा जैन समाज : विनोद जैन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारतीय जैन मिलन सवाई माधोपुर की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन साउथ सिटी में निजी फ़ार्म हाउस पर किया गया। मीडिया प्रभारी कन्हैया जैन ने बताया कि बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश जैन पाटनी, विशिष्ट अतिथि विजय पोखरना बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विनोद जैन ने की। इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश महामंत्री जिला अध्यक्ष का उपस्थित सदस्यों ने माला और साफा पहनाकर अभिनंदन किया इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाटनी ने भारतीय जैन मिलन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इन्होंने बताया कि भारतीय जैन मिलन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्य करता है 8 देशों में भारतीय जैन मिलन की शाखाएं कार्य कर रही है विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री ने कहा कि



संस्था सामाजिक सरोकार के कार्य करती है सम्पूर्ण देश के लोगों को एक मंच पर संगठित करने का कार्य जैन मिलन द्वारा किया जा रहा है। सम्पूर्ण देश में लगभग 1500 शाखाएं कार्य कर रही है। जिलाध्यक्ष विनोद जैन ने कहा कि जिले में सम्पूर्ण समाज एकजुट संगठित होकर कार्य कर रहा है समाज में एक दूसरे की मदद में अग्रणी रहता है। सामाजिक कार्यो में आगे रहकर अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर रतन लाल जैन, सुबाहु जैन, कुशल जैन, बाबूलाल जैन, जिला मंत्री महावीर प्रसाद, अभिनंदन जैन, प्रेम चंद जैन, दीपक जैन, रमेश जैन, मनोज जैन, सुनील कुमार, जैन बुद्धि प्रकाश जैन, घनश्याम जैन, अशोक जैन, कपिल जैन, पारस जैन, राधेश्याम जैन, मुकेश जैन, जितेंद्र जैन, जम्बू कुमार जैन, अनिल जैन, महावीर प्रसाद जैन, अशोक जैन, कपिल जैन, पारस जैन, राकेश जैन, रविकांत जैन, सुनील जैन, मोहन जैन, मुकेश सुशील जैन, राजेंद्र जैन, रजत जैन, कमल जैन, नरेंद्र जैन, जयकुमार जैन, मनीष जैन सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## मालपुरा में 'लाडो अपनी बचत घर योजना' की तीसरी शाखा का शुभारंभ, 350 से अधिक महिलाओं की उपस्थिति

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 'लाडो अपनी बचत घर योजना महिला सहकारी समिति लिमिटेड' ने मालपुरा में अपनी तीसरी शाखा का भव्य शुभारंभ किया। ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह विस्तार एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

शाखा का उद्घाटन संस्था की सचिव एवं मुख्य अतिथि मोनिका गुप्ता तथा संगीता गौड़ ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में 350 से अधिक महिलाओं की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।

प्रमुख उपलब्धियां

- कुल सक्रिय सदस्य- 3,000 से अधिक महिलाएं
- स्वरोजगार से जुड़ी महिलाएं- 300 से अधिक
- आगामी एक वर्ष का लक्ष्य- 1,200 नई सदस्य जोडना



शुभारंभ के उपरांत आयोजित विशेष बैठक में महिलाओं की बचत योजनाओं, लघु व्यवसाय, स्वरोजगार एवं वित्तीय प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अपने संबोधन में श्रीमती मोनिका गुप्ता ने कहा कि समिति का उद्देश्य केवल वित्तीय लेन-देन तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक महिला को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

होली के उपलक्ष्य में आयोजित 'फाग उत्सव' ने कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंग प्रदान किया। महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सामाजिक एकता और सामूहिक प्रगति का संदेश दिया।

नई शाखा के खुलने से मालपुरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को सुरक्षित बचत और सुलभ ऋण सुविधा अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध होगी। यह पहल न केवल आर्थिक विकास को गति देगी, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की दिशा में भी एक मील का पत्थर साबित होगी।

## होली व धुलंड़ी के पर्व को लेकर लोगों में भारी उत्साह

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** उपखंड सहित शहर में होली एवं धुलंडी के पावन पर्व को लेकर लोगों में भारी उमंग व उत्साह बना हुआ है। होली के त्यौहार को लेकर शहर सहित गांवों में कई लोगों व विद्यार्थियों को भी गुलाल सहित विभिन्न रंगों में रंगा हुआ देखा गया। होली एवं धुलंडी का त्यौहार मंगलवार एवं बुधवार को है। जिसको लेकर शनिवार को विद्यार्थियों ने जमकर होली खेली। मंगलवार को होली के पावन पर्व को लेकर शाम को गोधूलि मुहूर्त पर महिलाएं मांगलिक गीत गाते हुए होली पर गोबर के बने हुए बड़ूकले डालेंगी। इस दौरान युवाओं द्वारा पूजा अर्चना करके होलिका दहन किया जाएगा। बुधवार को धुलंडी के त्यौहार पर सुबह से ही बालकों व युवाओं सहित महिलाएं एक-दूसरे के रंग लगाकर धुलंडी खेलेंगे। युवक कई टोलियों के साथ अपने मित्रों के घरों में जाकर रंग लगाकर होली खेलेंगे। होली के त्योहर को लेकर बाजारों में रंग बिरंगी गुलाल सहित विभिन्न रंगों व पिचकारियों की दुकाने सजी हुई है। रंगों व पिचकारियों की दुकानों पर युवाओं व बालकों की भीड लगी रहीं। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को ग्रामीण क्षेत्र सहित शहर में जमात, इन्द्रा विस्तार कॉलोनी, पटेल रोड, शिवाजी कॉलोनी, चौहट्टी बाजार, बडा बाजार, इन्दिरा कॉलोनी, गणगौरी बाजार, भगतसिंह कॉलोनी, महावीर कॉलोनी, सिंधी कॉलोनी, कीर कॉलोनी, बस स्टेण्ड, हनुमान नगर, भगसिंह कॉलोनी, सुभाष कॉलोनी व मालियों का मोहल्ला सहित कई स्थानों पर होलिका दहन का आयोजन किया जाएगा।

## टोडारायसिंह में होली रे रसिया

## मंडल के फागोत्सव में उमड़ा श्रद्धा और भक्ति का सैलाब

बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** कस्बे में फागुन की मस्ती और भक्ति के रंग अब परवान चढ़ने लगे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार देर शाम कस्बे के सब्जी मण्डी मार्केट में फागोत्सव का भव्य और गरिमामय आयोजन किया गया। होली रे रसिया मंडल द्वारा आयोजित इस उत्सव ने पूरे सब्जी मण्डी मार्केट को 'नंदगांव' के रंग में रंग दिया।

सांवरिया की मनमोहक झांकी और भजनों की बयार "सांवरिया सेठ दे दे" "नैणा नीचा करले श्याम से मिलावली काई "आज ब्रज में होली रे रसिया", वानर बाको र, आयोजन की शुरुआत होली रे रसिया मंडल द्वारा भगवान राधा-कृष्ण और सांवरिया सेठ की मनमोहक झांकी सजाकर की गई।



जैसे ही 'झिणी-झिणी उड़े रे गुलाल, होली खेले सांवरियों के स्वर गूंजे, श्रद्धालु महिलाएं भक्ति के सागर में गोते लगाने लगीं। भगवान के भजनों पर थिरकते कदमों और हाथ में गुलाल लिए महिलाओं ने सांवरिया संग होली खेलकर इस उत्सव को जीवंत कर दिया।

फूलों और अबीर की वर्षा, नृत्य की रही धूम होली रे रसिया मंडल के इस आयोजन में केवल रंगों का ही नहीं, बल्कि श्रद्धा के फूलों और अबीर का भी अनूठा संगम देखने को मिला। 'घुघटियों जैसे फागुनी गीतों पर महिलाएं झूम उठीं। चंग की थाप के बीच होली रे मंडल द्वारा गीत प्रस्तुत किए गए गीतों पर महिलाओं के सुंदर नृत्य ने समां बांध दिया। वातावरण पूरी तरह से केसरिया और गुलाबी रंग की आभा से महक उठा।

इनकी रही गरिमामय उपस्थिति

कैलाश चंद सोनी, सुधीर चतुर्वेदी, ओमप्रकाश रावत, चंद्रप्रकाश टेलर, कैलाश सोनी,ताराचंद सोनी, रजत सोनी, शंभू प्रकाश शर्मा, महेश मूमियां, सुरेश कुमार गुप्ता, सुनील भारत शर्मा, नीरज जोशी, दीपक साहू, लक्ष्मी नारायण लक्षकार,चंद्र प्रकाश साहू , सोनू लक्षकार सोनू बेनीवाल बृजेश लक्षकार, होली रे रसिया मंडल के इस स्नेहिल आमंत्रण पर कस्बे की अनेक मातृशक्तियां सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर संतरा देवी साहू, चमेली लक्षकार संतोष जोशी, आशा साहू, सुनीता शर्मा, प्रमिला पाराशर, प्रभा सारस्वत, पिंकी साहू, सोना चौहान, निर्मला टेलर, ममता लक्षकार, खुशबू जैन, जानकी साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## खेल सप्ताह : खेल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक : तेजराम मीना

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला मुख्यालय स्थित दशहरा मैदान में राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय द्वारा आयोजित चार दिवसीय खेल सप्ताह का शनिवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. तेजराम मीना ने विजेता एवं उपविजेता टीमों और प्रतिभागियों को मैडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सैयद बलीग अहमद ने बताया कि खेल सप्ताह के अंतर्गत क्रिकेट, वॉलीबाल, कबड्डी, चैस, बैडमिंटन, कैरम, 100 एवं 200 मीटर दौड़ तथा रस्साकशी सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में पांचवां सेमेस्टर विजेता एवं छठा सेमेस्टर उपविजेता रहा तथा नवीन सैनी मैन ऑफ द मैच घोषित हुए, जबकि महिला वर्ग में तृतीय सेमेस्टर विजेता एवं छठा सेमेस्टर उपविजेता रहा और काजल नागर को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। कबड्डी पुरुष वर्ग में प्रथम सेमेस्टर विजेता एवं छठा सेमेस्टर उपविजेता रहे, वहीं महिला वर्ग में पांचवां सेमेस्टर विजेता एवं छठा सेमेस्टर उपविजेता रहा। वॉलीबाल पुरुष वर्ग में प्रथम



सेमेस्टर विजेता एवं छठा सेमेस्टर उपविजेता रहा।

कैरम पुरुष वर्ग में रवीन्द्र रॉय विजेता एवं सूरज उपविजेता रहे, जबकि महिला वर्ग में निकिता वर्मा विजेता एवं गरिमा अग्रवाल उपविजेता रहीं। चैस पुरुष वर्ग में मोहित मनिक विजेता एवं रीतेश उपविजेता रहे। 100 एवं 200 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में सोनेन्द्र विजेता एवं अभिषेक उपविजेता रहे, जबकि महिला वर्ग में रिंका विजेता एवं एकता सैनी उपविजेता रहीं। बैडमिंटन सिंगल्स महिला वर्ग में निशा चौधरी विजेता एवं दिव्य शर्मा उपविजेता रहीं तथा पुरुष वर्ग में मोहित मनिक विजेता एवं रवीन्द्र रॉय उपविजेता रहे। बैडमिंटन डबल्स पुरुष वर्ग में रवीन्द्र रॉय व सागर शर्मा विजेता तथा मोहित मनिक व अनुराम उपविजेता रहे। रस्साकशी पुरुष वर्ग में पांचवां सेमेस्टर विजेता एवं प्रथम सेमेस्टर उपविजेता रहा, जबकि महिला वर्ग में प्रथम सेमेस्टर विजेता एवं तृतीय सेमेस्टर उपविजेता रहा।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. तेजराम मीना ने कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं तथा ये टीम भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास को भी सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नेता प्रतिपक्ष की मां का हुआ अंतिम संस्कार, बड़े पुत्र जूली ने दी मुखाग्नि, भावुक हो गया परिवार

## राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर

बढ़ता राजस्थान

**अलवर/जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अपनी मां स्वर्गीय चलती देवी को नम आंखों से कंधा दिया। जूली ने उन्हें मुखाग्नि दी और स्वर्गीय चलती देवी पंचतत्व में विलीन हो गई।अपने सरल व्यवहार के लिए सभी का दिल जीतने वाली स्वर्गीय चलती देवी के अंतिम दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। जूली और उनका परिवार अपने पैतृक गांव काठूवास से उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुआ। मां की अंतिम विदाई के वक्त जूली की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे, पूरा परिवार भावुक हो गया। उनकी मौत की खबर सुनकर पूरे गांव का माहौल भी गमगीन हो गया। उल्लेखनीय है कि नेता प्रतिपक्ष जूली की मां चलती देवी का शुक्रवार देर रात को बाथरूम में पैर फिसलने से वे गंभीर हो गई थी। जयपुर के एसएमएस अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नेता प्रतिपक्ष राजस्थान विधानसभा टीकाराम जूली की



मां के निधन पर उनके पैतृक गांव पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मां की तपस्या से ही जूली आज राजनीति के बड़े शिखर पर है गहलोत ने कहा कि मां की तपस्या से ही एक छोटे से गांव से जिला पार्षद का चुनाव जीतकर राजस्थान विधान में नेता प्रतिपक्ष की सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं। उनके पिता स्वर्गीय लेखराम ठेकेदार एवं उनकी मां ने संघर्षों की भट्टी में तपकर अपने बेटे को इस मुकाम तक पहुंचाया।

### संस्कारों और मूल्यों की साक्षात् प्रतिमूर्ति थी स्वर्गीय चलती देवी

स्वर्गीय श्रीमती चलती देवी का पीहर मूल रूप से हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के दोंगडा अहीर में था। उनके दो पुत्र हैं बड़े बेटे टीकाराम जूली राजस्थान की राजनीति का बड़ा चेहरा है जबकि छोटे बेटे मुकेश जूली उद्योगपति और हरियाणा की राजनीति में सक्रिय हैं। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की स्वर्गीय माता श्रीमती चलती देवी के निधन पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस सुप्रीमो मल्लिकार्जुन खडग़े, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, विधायक रविंद्र



भाटी ने संवेदनाएं व्यक्त की। अंतिम संस्कार में पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा,पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी,मंत्री संजय शर्मा , पूर्व उपराष्ट्रपति कुलदीप धनकड़, कुलदीप इंदोरा सांसद, रामकेश मीणा, रफीक खान,हाकम अली, आमीन कागजी, शिखा मील बराला, राजेंद्र पारिक,जोगेंद्र अवाना, वैभव गहलोत, रमेश खंडेलवाल, इमरान खान , संदीप यादव, अजय अग्रवाल,विधायक दीपचंद खैरिया, ललित यादव, मांगे लाल मीणा,रावदान सिंह,शकुंतला रावत,जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत,बलराम यादव, सुनील शर्मा, इंद्राज गुर्जर, गोपाल मीणा, मनोज मेघवाल,संजय जाटव, डूंगर राम गेदर,धर्मेंद्र राठौर सहित देश-प्रदेश के बड़े नेता, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, विभिन्न दलों के नेता और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत का हुआ भव्य सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** कोटपूतली बहरोड़ जिला मुख्यालय कोटपूतली स्थित बीडीएम चिकित्सालय के सामने प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे अशोक गहलोत का हाईवे संघर्ष समिति, कोटपुतली के गणमान्य लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग के मध्य से 75-75 मीटर तक के दमनकारी और मनमाने 'अंधे कानून' के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। संघर्ष समिति के प्रमुख एडवोकेट अशोक बंसल, पंडित सूर्यकांत शर्मा ने उन्हें इससे व्यापारियों और क्षेत्रवासियों को होने वाले भारी नुकसान के बारे में भी अवगत कराया।संघर्ष समिति ने उनसे इस दिशा में आम जनता के जीवन और मरण के प्रश्न के संदर्भ में केन्द्र और राज्य सरकार के सामने गंभीरता पूर्वक उठाने की मांग भी रखी। इस मौके पर राष्ट्रीय राजमार्ग के नजदीक स्थित आवासीय पीडित्तों, विभिन्न प्रतिष्ठानों तथा आम जनता का भारी जमावड़ा मौजूद रहा। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लोगों द्वारा नारे लगाने पर टोका और हाथ हिलाकर ही लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री



अशोक गहलोत को ज्ञापन सौप कर हाईवे के मध्य से दोनों तरफ 75-75 मीटर के दायरे में आ रहे आवासीय मकानों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों को लेकर राहत दिलवाने की मांग भी रखी। गहलोत द्वारा जयपुर से काठूवास जाते समय कहा कि आज नेता प्रतिपक्ष टीका राम जुली की माता जी निधन नहीं बल्कि एक उस आत्मा का निधन हुआ है जिसने अपनी कोख से ऐसे होनहार को जन्म दिया है। मुझे गर्व है कि माताएँ अपनी कोख से ऐसी ही औलाद पैदा करें जो खुद के लिए नहीं बल्कि सभी के लिए जिए। मैं जूली परिवार को हार्दिक संवेदना प्रकट करते हुए शोक संतप्त परिवार को सम्बल प्रदान करने की भगवान से प्रार्थना करता हूँ।एनएच-48 हाईवे संघर्ष समिति कोटपूतली के प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से एडवोकेट अशोक बंसल, कोटपूतली व्यापार महासंघ उपाध्यक्ष पंश सूर्यकांत शर्मा, लालचंद लक्ष्मी नारायण धर्मशाला के ट्रस्टी पंडित लक्ष्मी नारायण शर्मा, प्रदेश कांग्रेस सचिव जगदीश मीणा, तहसील ब्राह्मण सभा के महामंत्री वी. के.नवल नेता,सुगन भाई, मौजीराम गुर्जर, डॉ एसके मीणा, सीए राहुल अग्रवाल, भीखाराम सैनी पूर्व पार्षद, बाबूलाल सैनी, सुंदर सैनी पूर्व पार्षद, सिम्भू गर्ग, अमर सिंह फॉरेस्टर, हरिराम सैनी, कमल खटना, सुशील रैया,माला पुतली, जितेंद्र जलेंद्र, सीताराम शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौके पर मौजूद रहे।

# नन्हें मुन्हें बालकों ने खेली पुष्प होली, हो रही क्षेत्र में चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर((धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित त्यागी जी महाराज आश्रम के पास एलपीएस स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा रंगों का त्यौहार होली उत्साह से मनाया गया।इस मौके पर नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने पुष्प होली खेली जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गईं हैं। लोगों में चर्चा शुरू हो गईं कि इतने अबोध बालकों में इतना ज्ञान कहाँ से आ गया कि उन्होंने सिर्फ प्रकृति से प्रेम करते हुए पुष्प होली खेली !इस मौके पर नन्हें विद्यार्थियों ने होली के भक्ति गीतों पर भी अच्छा-खासा नृत्य किया और एक दूजे पर पुष्पवर्षा की।कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य प्रियंका कुमारी ने बताया कि पुष्प होली का आयोजन विद्यार्थियों को होली के



महत्व और संस्कृति से जोडऩे के लिए आयोजित किया गया है।

जिससे विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति,परम्पराओं और प्राकृतिक वातावरण को समझ सकने का कौशल मिल सके।उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों में सांस्कृतिक जागरूकता और सामाजिक भावनाओं सहित राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत होती है।जो प्रत्येक भारतीय को निष्ठा और ईमानदारी से निभानी चाहिए।

# डिजिटल साक्षरता एवं वित्तीय साक्षरता का प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** शनिवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से साक्षरता एवं सतत शिक्षा अभियान के तहत साक्षरता प्रचार रथ को रवाना किया। यह प्रचार रथ ब्लॉक के राजगढ़ नगर, थाना राजाजी बडला, गोविंदपुरा, खरखड़ा सहित विभिन्न गांवों और ढाणियों में जाकर डिजिटल साक्षरता एवं वित्तीय साक्षरता का प्रचार करेगा। कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी देशबंधु शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर ब्लॉक कार्यालय से रथ रवाना किया। ब्लॉक समन्वयक सूर्य प्रकाश शर्मा ने बताया कि असाक्षर पुरुष व महिलाओं को साक्षर बनाने के उद्देश्य यह रथ विभिन्न गांवों में लोगों को साक्षरता अभियान से जोडऩे के लिए प्रेरित करेगा। इस अभियान के तहत उल्लास ऐप पर स्वयं रजिस्ट्रेशन करके या नजदीकी विद्यालय के अध्यापक के सहयोग से अपना पंजीकरण उल्लास ऐप पर किया जा सकता है। जिन्हें स्वयंसेवी अध्यापक साक्षरता से संबंधित सामग्री उपलब्ध करवाएंगे एवं साक्षर बनाएंगे। नवभारत साक्षर अभियान के तहत वर्ष में दो बार परीक्षा का आयोजन किया जाता है तथा असाक्षरों को साक्षर बनाकर सर्टिफिकेट दिए जाते हैं। इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के देशबंधु शर्मा, सूर्य प्रकाश शर्मा, लालाराम मीणा, ताराचंद मीणा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर व्याख्यानमाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** कस्बे के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ में एक दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन विज्ञान परिषद् के तत्वावधान में किया गया। मुख्यवक्ता डॉ. रवि कुमार विजय, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, मालाखेड़ा ने कहा कि हर साल 28 फरवरी को हम राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाते हैं। इस दिन का महत्व यह समझाने में है कि विज्ञान सिर्फ किताबों या प्रयोगशालाओं तक ही सीमित नहीं है। विज्ञान हमारे आसपास है, हमारी जिज्ञासा में जीवित है और नए प्रश्नों के माध्यम से बढ़ता है। यह हमारे जीवन को बेहतर बनाने के लिए नवाचार लाता है। यह



दिन महान वैज्ञानिक रार सी.वी. रमन की याद में मनाया जाता है, जिन्होंने अपने योगदान से विज्ञान के क्षेत्र में नये आयाम जोडे। 1928 में इस दिन सी.बी. रमन ने महत्वपूर्ण रमन प्रभाव की खोज की, जिसके कारण उन्हें 1930 में भौतिकी के लिए नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. के.एल. मीना ने बताया कि विज्ञान वास्तविक दुनिया में गहरा प्रभाव डालता है और हमारे जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 रटंत शिक्षा से आगे बढक़र विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने, प्रयोग करने, विभिन्न विषयों में सहयोग करने और निडर होकर नवाचार करने के लिए सशक्त बनाती है। जैसे-जैसे हम तेजी से बदलते वैज्ञानिक और प्रौद्योगिक परिवर्तनों से आकार लेते भविष्य की ओर बढ़ रहे है, शिक्षा की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। कार्यकम प्रभारी डॉ. गिरधारी लाल ने अपने उद्बोधन में विज्ञान की महत्ता एवं दैनिक जीवन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम संचालन डॉ. अनूप कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रो. पी.एम. मीना, प्रो. पी.सी. मीना, प्रो. देशराज वर्मा, प्रो. आँचल मीना एवं महाविद्यालय का समरत शैक्षणिक, अशैक्षणिक स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**मुख्यमंत्री रोजगार मेले का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित**

# राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य की 16 हजार 686 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** मुख्यमंत्री रोजगार मेले के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को प्रताप ऑडिटोरियम में हुआ। इस दौरान जिला स्तर के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में अजमेर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअली प्रसारण किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों में चयनित 721 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौपें गए।

अजमेर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत



की, साथ ही, प्रधानमंत्री ने केंद्र एवं राज्य सरकार की 16 हजार 686 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगातें देते हुए जनसभा को संबोधित किया। जिसमें 103 करोड रुपए की लागत के राष्ट्रीय राजमार्ग 248-ए शाहपुरा से थानागाजी तक पक्के शोल्डर के साथ 2 लेन के निर्माण कार्य का भी लोकार्पण किया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल श्री हरिभाऊ किशन राव बागडे एवं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की गरिमामयी उपस्थित रही।

### जिला स्तरीय कार्यक्रम में 721 नव चयनित कार्मिकों सौंपे नियुक्ति पत्र

जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला द्वारा जिले के विभिन्न विभागों में नव चयनित कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौपें। कुल 721 नव चयनित कार्मिकों में चिकित्सा विभाग में 364, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग में 142, राजस्व विभाग में 100, पशुपालन विभाग में 58, शिक्षा विभाग में 31 स्वायत्त शासन विभाग में 6, खान एवं भू विज्ञान विभाग में 6 एवं कौशल विभाग में 6 सहित अन्य विभागों में 8 को नियुक्ति पत्र सौपें गए। कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षाविद श्री दिनेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम के पश्चात जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने सेटेलाइट हॉस्पिटल काला कुआं में बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान का जिले में शुभारंभ किया।

### ज्योति, मोनिका कंवर, मोना काटिवाल एवं आशुतोष अवस्थी का नियुक्ति पत्र पाकर खिल उठा चेहरा

जिला स्तरीय कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र प्राप्त कर नव चयनितों के चेहरों पर मुस्कान आ गई, जिसमें ज्योति का पशुपालन विभाग में एनिमल अटेंडेंट, मोनिका कंवर एवं मोना काटिवाल का राजस्व विभाग में पटवारी तथा आशुतोष अवस्थी का जूनियर टेक्निकल असिस्टेंट पद पर चयन होने पर खुशी व्यक्त की। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम श्रीमती बीना महावर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सालुखे गौरव रविंद्र, नगर निगम आयुक्त श्री सोहन सिंह नरूका, भूमि आवाप्ति अधिकारी श्री जितेंद्र सिंह नरूका, सीएमएचओ डॉ. योगेंद्र शर्मा, आईसीडीएस विभाग के उपनिदेशक श्री महेश गुप्ता, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. दिनेश सूद सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नवनियुक्त कार्मिक मौजूद रहे।

# सकट प्रीमियर लीग 2026 क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ उद्घघाटन पहला मैच धौलान टीम ने जीता



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** सकट कस्बे की आसान की डूंगरी ख़ाक नाथ बाबा मंदिर के पास स्थित पीएम श्री राउमावि के खेल मैदान में शनिवार को सकट प्रीमियर लीग प्रथम 2026 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। आयोजक प्रकाश व जितेंद्र सैनी ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच धौलान व सकट ख़ाक नाथ क्रिकेट क्लब टीम के बीच खेला गया जिसमें धौलान टीम के खिलाडियों ने जीत हासिल की। उन्होंने बताया कि सकट प्रीमियर लीग प्रथम 2026 क्रिकेट प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत सकट सहित नारायणपुर नाथलवाड़ा,बीधोता, देवती, राजपुर बड़ा, कुंडला, रामसिंहपुरा, जोनेटा, खेड़ली, धौलान आदि गांवों की 16 टीमें भाग ले रही है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने के लिए यह क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिससे कि ग्रामीण प्रतिभाओं को भी खेलों में आगे पहुंचने का मौका मिले। प्रतियोगिता उद्घाटन समारोह के मुख्यअतिथि समाज सेवी आदीवासी सेवा संस्था राजगढ़ के सुखराम मीणा थे। वहीं विशिष्ट अतिथि कैलाश मेघवाल, गिर्राज ठेकेदार, बाबूलाल मीणा, दिनेश सैनी, दुर्गेश सैनी, योगेश शर्मा, आशीष मीणा, विष्णु शर्मा, सुखराम बनी रहे। अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि फूल चंद सैनी ने की। मंच संचालन प्रमोद सैनी ने किया। क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में विजेता टीम को 31 हजार रुपए एवं ट्रॉफी वह उप विजेता टीम को 15 हजार रुपए व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। वही प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को भी सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता का समापन 3 मार्च को होगा। ? इस मौके पर हरि ओम, महेंद्र, कमलेश, पप्पू, सीएल चौधरी, रामफूल, नरेश, ललतेश, रोशन, राजेश, गिर्राज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जीनियस एकेडमी का द्वितीय वार्षिकोत्सव आज

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** कस्बे के टहला बाईपास पर स्थित जीनियस एकेडमी का द्वितीय वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन रविवार को प्रातः 10 बजे से आयोजित होगा। विद्यालय के निदेशक विनोद यादव ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दौसा सांसद मुरारीलाल मीणा रहेंगे। वहीं कार्यक्रम में थानागाजी विधायक कान्तीप्रसाद मीना, राजगढ़ प्रधान भौंरी देवी राठौड़, पंचायत समिति लक्ष्मनगढ़ की पूर्व प्रधान शीला मीना, पूर्व मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी रामेश्वर दयाल मीना, पंचायत समिति सदस्य एन एल वर्मा, थाना राजाजी सरपंच राजू लाल मीणा, सेवानिवृत्त व्याख्याता रामकरण यादव होंगे।

# भारतीय जन सेवा संस्थान अलवर विशेष बच्चों के साथ होली का त्योहार मनाया गया



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** भारतीय जन सेवा संस्थान की ओर से विद्यालय मे अध्यनरत विशेष बच्चों के साथ होली का त्योहार मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने होली के गीतो पर विभिन्न संस्थान से पधारे हुए अतिथियों के साथ डांस करते हुए होली का त्योहार मनाया, साथ ही एक दूसरे को गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार किया।इस अवसर पर समाज सेवी अपना घर आश्रम के संरक्षक ई.अशोक मेठी, अरिहंत हॉस्पिटल की संचालिका प्रीति जैन, जिला विधिक सेवा अभिकरण की ओर से महेश गोठवाल चीफ लीगल एड डिफेंस कौन्सिल,मनोज यादव, रेणु मिश्रा सदस्य विधिक चेतना समिति,सुषमा गुप्ता और रश्मि वशिष्ठ कौन्सिलर एवं मिडियेटर आदि उपस्थित थे।संस्थान की संचालिका रजनी जैन ने आए हुए सभी लोगों का इन विशेष बच्चों के साथ होली मनाने के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

# खटीक समाज ने महासंघ में निर्वाचित पदाधिकारियों का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र में संयुक्त व्यापार मण्डल महासंघ मण्डल के चुनावों में विजीत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का खटीक समाज द्वारा सम्मान किया गया। यह सम्मान समारोह खटीक समाज के अध्यक्ष दुलीचंद सोलंकी के नेतृत्व में उत्साह के साथ किया गया। सम्मान समारोह में संयुक्त व्यापार मण्डल के अध्यक्ष रोशनलान सैनी,उपाध्यक्ष यादराम सोलंकी,कोषाध्यक्ष पवन योगी, महामंत्री फूलसिंह स्वामी,मंत्री ब्रह्मप्रकाश का फूलमाला व साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया गया। वहीं सोलंकी के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर उनका मुँह भी मीठा कराया गया और व्यापारियों के हितों की सुरक्षा के लिए कार्य करने की भी सलाह दी गईं। वहीं इस मौके पर बोलते हुए खटीक समाज के अध्यक्ष दुलीचंद सोलंकी ने कहा की मुझे और मेरे समाज को उम्मीद ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास हैं कि आप व्यापारियों के अधिकारों के लिए सजग और जागरूक रहेंगे।कार्यक्रम का आयोजन बाईपास रोड़ पर आयोजित हुआ।कार्यक्रम में विशंभर सोलंकी,रोहतास,अशोक सैनी,दयाराम मैरोडिया,हनुमान मोरोदिया,शुभम सोलंकी,रोशन लाल सैनी,सुनील,निरंजन सैनी, पुरणचंद सोलंकी,जितेंद्र सोलंकी, राजेश,हनुमान मोरोडिया सहित अनेक जागरूक लोग काफ़ी संख्या में मौजूद रहे।

# सुकेत के अरनिया कला में दर्दनाक हादसाः ट्रेन की चपेट में 17 गोवंश की मौत, 2 घायल

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी/झालावाड़ (प्रमोद राठोड़)।** कोटा से झालावाड़ की ओर जा रही ट्रेन की चपेट में आने से शनिवार सुबह सुकेत क्षेत्र के अरनिया कला के पास एक हृदयविदारक हादसा हो गया। सुबह करीब साढ़े 9 बजे रेलवे ट्रैक पर पहुंचे गोवंश अचानक ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे में 17 गोवंश की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का वातावरण व्याप्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र के गौसेवक और गौ-रक्षक दल तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। घायल गोवंश को तत्काल सुकेत पशु चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार प्रदान किया। इसके पश्चात बेहतर देखरेख और उपचार के लिए उन्हें सुकेत गौशाला में शिफ्ट किया गया। मृत गोवंश का विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस घटना की खबर फैलते ही रामगंजमंडी, झालावाड़, कोटा, सुकेत एवं आसपास के क्षेत्रों के गौ-रक्षकों में गहरा रोष व्याप्त हो गया। गौ रक्षा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रहलाद कुमार राठौर ने कहा कि रेलवे ट्रैक के दोनों ओर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, जैसे तारबंदी या बाउंड्री वॉल, नहीं होने के कारण इस प्रकार की घटनाएं बार-बार सामने आ रही हैं। उन्होंने रेलवे विभाग से मांग की कि संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर शीघ्र प्रभाव से फेंसिंग कराई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। मामले की सूचना मिलते ही संबंधित रेलवे अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। रेलवे अधिकारी जे.पी. मीणा ने बताया कि संबंधित स्थान पर रेलवे ट्रैक भूमि स्तर से ऊंचाई पर स्थित है। उन्होंने कहा कि फेंसिंग के संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा । गौ-रक्षक संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ठोस और स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो होली के बाद कोटा-झालावाड़-रामगंजमंडी क्षेत्र का प्रतिनिधिमंडल संबंधित रेलवे अधिकारियों से मुलाकात कर फेंसिंग एवं सुरक्षा प्रबंधों को लेकर ज्ञापन सौंपेगा और प्रभावी कार्रवाई की मांग करेगा।





## कोटा-झालावाड़ एनएच-52 पर पिकअप दो हिस्सों में टूटी, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर टायर फटने से कार पलटी; तीन घायल




बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (नि.स.)।** कोटा-झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर जालिमपुरा पेट्रोल पंप के पास बीती रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। रायपुर (छत्तीसगढ़) से अजमेर जा रही प्लाई बोर्ड से भरी एक पिकअप वाहन की अचानक बीच सडक़ में चेचिस टूट गई, जिससे वाहन दो हिस्सों में बंट गया। हादसे के बाद पिकअप करीब 50 फीट तक घिसटती हुई पेट्रोल पंप की सर्विस रोड तक पहुंची और अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के दौरान हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। चालक को हल्की चोटें आई बताई जा रही हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन में प्लाई बोर्ड का भारी लोड भरा हुआ था। प्रारंभिक अनुमान है कि अधिक भार या तकनीकी खराबी के कारण चेचिस टूटने से यह हादसा हुआ। सूचना पर संबंधित थाना पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को सुचारू कराया। कुछ समय के लिए हाईवे पर आवागमन प्रभावित रहा, बाद में क्षतिग्रस्त वाहन को हटवाकर रास्ता साफ कराया गया।

**टायर फटने से कार पलटी; तीन घायल :** दिल्ली -मुम्बई हाईवे पर शनिवार को एक और सडक़ हादसा सामने आया। मध्यप्रदेश से चेचट की ओर आ रही एक कार के पीछे के दोनों टायर अचानक फट गए, जिससे चालक संतुलन खो बैठा और कार सालेड़ा कलां रेस्ट एरिया के समीप पलट गई। हादसे में कार सवार दिल्ली निवासी प्रेमकुमार (48), बिहार निवासी अमन सिंह (35) एवं उत्तराखंड निवासी मूर्ति कुमार (45) घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को वाहन से बाहर निकाला और प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराई। सूचना पर पहुंची पुलिस एवं एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार और टायर फटने के कारण यह हादसा हुआ।

## खातौली पुलिस ने चोरी का किया खुलासा, 21,400 रुपए नकद व औजार बरामद

बढ़ता राजस्थान

**पीपल्दा/कोटा।** कस्बा खातौली में हाल ही में एक सूने मकान में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 21,400 रुपए नकद तथा चोरी में प्रयुक्त औजार बरामद किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत दिनों खातौली कस्बे के एक खाली मकान में अज्ञात चोर ने ताला तोडक़र चोरी की घटना को अंजाम दिया था। घटना की सूचना मिलते ही खातौली थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी और संदिग्धों की तलाश तेज कर दी। थाना प्रभारी (सीआई) देशराज गुर्जर ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले के मावदा गांव निवासी साबिर अली पुत्र अयूब को मध्यप्रदेश-राजस्थान सीमा क्षेत्र से गिरफ्तार किया। आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड (पीसी रिमांड) पर लेकर गहन पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कस्बे में चोरी की वारदात करना स्वीकार किया। उसके कब्जे से चोरी की 21,400 रुपए नकदी और ताले तोडऩे में इस्तेमाल किया गया सरिया (लोहे की रॉड) बरामद किया गया। पुलिस मामले में आगे की जांच में जुटी हुई है।



## भजनों की स्वर लहरियों पर थिरके वृद्धजन, सामर्थ्य सोसायटी ने सुदामा सेवा संस्थान में मनाया फागोत्सव

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** शहर के नैनवा रोड स्थित सुदामा सेवा संस्थान में खुशियों के रंग उस समय और गहरे हो गए, जब सामर्थ्य सोसायटी की महिलाओं ने वृद्धजनों के साथ मिलकर फागोत्सव का आयोजन किया। भक्ति और उल्लास के इस संगम में बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान खिल उठी।

**भक्ति और नृत्य का संगम :** सामर्थ्य सोसायटी की अध्यक्ष राशि माहेश्वरी ने बताया कि संस्था का उद्देश्य वृद्धजनों के जीवन में खुशियां भरना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़े रखना है। इसी क्रम में सोसायटी ने बुजुर्गों के बीच जाकर भजन संध्या और होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। सोसायटी सदस्य नम्रता शुक्ला के अनुसार, कार्यक्रम की शुरुआत मधुर भजनों के साथ हुई। होली खेल रहे बांके बिहारी, आज रंग बरस रहाफागण आयो रे, म्हाने खाटू बुलायो रे' जैसे लोकप्रिया भजनों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। संगीत की ताल पर वहां मौजूद वृद्धजन भी खुद को झूमने से नहीं रोक पाए। इस अवसर पर सोसायटी की सक्रिय सदस्य अनिशा जैन, शालिनी सोनी, मनीषा गौतम, मोहक व्यास, नेहा जोशी और वर्तिका हाड़ा सहित कई गणमान्य महिलाएं उपस्थित रहीं। संस्थान के प्रबंधन ने सामर्थ्य सोसायटी के इस मानवीय प्रयास की सराहना की।

## पश्चिम मध्य रेल की पहली महिला महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय का गरिमामयी विदाई समारोह संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** पश्चिम मध्य रेल के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय का समापन हुआ। पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय अपनी अधिवार्षिता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गईं। मुख्यालय सभागार में आयोजित एक भव्य विदाई समारोह में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर अपर महाप्रबन्धक प्रमोद कुमार खत्री, प्रमुख वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर एवं प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री एस. डी. पाटीदार द्वारा उन्हें सेवानिवृत्ति संबंधी दस्तावेज एवं सम्मान पत्र प्रदान किए गए। रेल प्रशासन की ओर से उनके आगामी स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन के लिए मंगलकामनाएं प्रेषित की गईं। भारतीय रेलवे सिग्नल इंजीनियरिंग सेवा के 1987 बैच की वरिष्ठ अधिकारी श्रीमती बंदोपाध्याय ने 1 नवंबर 2023 को पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया था। वह इस महत्वपूर्ण पद को सुशोभित करने वाली पहली महिला रेल अधिकारी रहीं।

## स्वच्छ स्वस्थ एवं समृद्ध समाज सेवा समिति के तत्त्वावधान में 5200 रोगियो को निशुल्क मिला चिकित्सा परामर्श व इलाज

### 285 मरीजो का आयुर्वैदिक इलाज किया शुरू





बढ़ता राजस्थान

**पीपल्दा/कोटा (मुकेश गोस्वामी)।** समिति के संरक्षक टीकम गोयल के पिताजी ब्रह्मलीन सेठ मदन मोहन गोयल की 19 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 28 फरवरी 2026 शनिवार को कृषि उपज मंडी परिसर खातौली में बहु चिकित्सा शिविर एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। समिति अध्यक्ष कपिल शर्मा ने बताया कि आयोजक मैसर्स मदन मोहन गोयल डबल ए क्लास कंस्ट्रक्शन कंपनी एवं समस्त गोयल परिवार खातौली के सहयोग से डॉक्टर राहुल गर्ग भारत विकास परिषद कोटा द्वारा 409 नेत्र रोगियों को, डॉक्टर प्रज्ञानंद गौतम नाक कान गला विशेषज्ञ द्वारा 178 ,डॉक्टर नवीन गोयल आर्थो सर्जन द्वारा 375,वैद्य अंजना शर्मा स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा 247,डॉक्टर चंद्रेश तिवारी अग्निकर्म विशेषज्ञ द्वारा 342 ,वैद्य मोनिका नागर आयुर्वेद विशेषज्ञ 138 डा. अनुष्का गोयल डाइटिशियन 112,डॉक्टर विजय गोयल 307,डॉक्टर श्रद्धा उपाध्याय स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ 203,डॉ.केएल शर्मा प्रोफेसर विभागाध्यक्ष लीवर हेपेटाइटिस बी 288, डॉ आदर्श अग्रवाल अग्निकर्म विशेषज्ञ 148, डॉ नितेश यादव आयुर्वेदिक गैस्ट्रो साइको 398, डॉ अनिरुद्ध गोयल आयुर्वेद स्पाइन एंड न्यूरो 206, डॉ राजेंद्र शर्मा होम्योपैथी 412,डॉ दीपतांशु श्रृंगी डेंटिस्ट 109,डॉक्टर शैलेंद्र हाड़ा आयुर्वेद विशेषज्ञ 152,डॉक्टर सौरभ ओझा आयुर्वेदाचार्य 235, डॉ गौरव नगर फिजियो 148, डॉ पुरुषोत्तम महावर फिजियो 168 डॉ अरविंद जैन डीएनबी 225, डॉ शेफाली गुप्ता डेंटिस्ट 115, एवं पतंजलि योग आयुर्वेद चिकित्सालय कोटा विशेषज्ञों द्वारा 285 सहित कुल 5200 रोगियों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। 82 नेत्र रोगियों के निःशुल्क ऑपरेशन के लिए भारत विकास परिषद चिकित्सालय कोटा भेजा गया विशेषज्ञ डॉक्टर एवं कार्यकर्ताओं का समिति के संरक्षक टीकम गोयल द्वारा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया । गोयल परिवार से कुंज बिहारी गोयल, गिरिराज गोयल नीरज गोयल, पवन गोयल, हेमू गोयल, राम लखन, मोनू गोयल,हितेश गोयल, सुमित गोयल गोयल यश गोयल & समिति के भुवनेश नागर, हनुमान गुप्ता सतीश पोरवाल , सचिन गुप्ता, मानव अवस्थी, राजेश्वरी, विशाल नागर, तन्नू कुलदीप गौतम, गोविंद मीणा,विशाल सेन, सुनील मंगल योगेश शर्मा मुकेश गोयल,यशपाल यादव , हेमंत भारद्वाज , टीना नागर, ऐश्वर्या शर्मा,खुशी सोलंकी,पलकू सिंह,डूग्गू, कृष्णा जांगिड़ आदि कार्यकर्ताओं को भी गोयल परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया । वहीं विशाल भंडारे में लगभग 35000 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया । समिति के अध्यक्ष कपिल शर्मा में समस्त मेडिकल टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम के शुभारंभ में अखिल विश्व गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रहलाद,अंजनी कुमार शर्मा,हरीश सोनी, योगेश शर्मा आदि ने समाज सेवा के लिए संरक्षक टीकम गोयल को माल्यार्पण गायत्री मंत्र दुपट्टा एवं गायत्री माता की तस्वीर भेंटकर सम्मानित किया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजन को लेकर बैठक सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**भवानीमंडी (नि.स.)।** माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झालावाड़ के तत्वाधान में दिनांक 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन, अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण एवं प्रक्रियात्मक बाधा को दूर करने हेतु तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष श्री गौरव शर्मा (अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश) के निर्देशन में शनिवार को दिनांक 26.02.2026 को बार अध्यक्ष भवानीमंडी, जेवीवीएनएल, बीएसएनएल, बैंक अधिकारियों और संबंधित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। कनिष्ठ सहायक राकेश ने बताया कि बैठक में अभिभाषक परिषद भवानीमंडी से अध्यक्ष ब्रजराज सिंह, जेवीवीएनएल भवानीमंडी से अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी खेमराज गुप्ता, जेवीवीएनएल सुनेल से अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी बृजेश जैन, एसबीआई भवानीमंडी से शाखा प्रबंधक उमेशचंद तिवारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भवानीमंडी से शाखा प्रबंधक मोहित परमानी, राजस्थान ग्रामीण बैंक से शाखा प्रबंधक नरेश कुमार ने भाग लिया और उच्चाधिकारिक निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों सहित सभी राजस्व न्यायालयों में लम्बित व प्री-लिटिगेशन राजीनामा योग्य प्रकरणों को उक्त लोक अदालत में रखवाये जाने के संबंध में चर्चा की गयी। ऐसे प्रकरणों को अवलिम्ब पहचान कर राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु रेफर करनें के निर्देश दिये गये।

## राजस्थान मदरसा बोर्ड की अभिनव पहलःमदरसों में मनेगा 'तीर्थंकर दिवस', होंगे विभिन्न कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राज्य के मदरसों, अल्पसंख्यक छात्रावासों और आवासीय विद्यालयों में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का जन्म एवं दीक्षा कल्याणक (ऋषभ नवमी) उत्साह के साथ मनाया जाएगा। राजस्थान मदरसा बोर्ड के सचिव चेतन चौहान ने इस संबंध में सभी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को 15 मार्च तक प्रतियोगिताएं आयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं। पूर्व प्राथमिक (3-6 वर्ष): डॉक्यूमेंट्री फिल्म, महापुरुषों की कहानियां और प्रार्थना। प्राथमिक (6-10 वर्ष) रंगोली, प्रश्नोत्तरी और पोस्टर निर्माण। माध्यमिक (11-18 वर्ष): चित्रकला, मरुदेव के 16 सपने लघु फिल्म, डिजिटल प्रस्तुति और फिटनेस कार्यक्रम।

चित्रकला और पोस्टर के लिए भगवान ऋषभदेव का जीवन, राष्ट्रीय एकता, स्वास्तिक प्रतीक और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषय निर्धारित किए गए हैं। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग के पूर्व अध्यक्ष जस्टिस नरेन्द्र जैन ने बताया कि इन आयोजनों से विद्यार्थियों को भगवान ऋषभदेव के जीवन से अहिंसा, अपरिग्रह और सत्य जैसे संस्कार मिलेंगे। साथ ही, उन्हें भारतीय संस्कृति में जैन समुदाय के योगदान और स्त्री शिक्षा के महत्व की जानकारी मिलेगी।

## माहेश्वरी महिला मंडल बूंदी: जयश्री लखोटिया अध्यक्ष और रेणु बहेडिया सचिव निर्वाचित

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** माहेश्वरी महिला मंडल, बूंदी के आगामी त्रि-वर्षीय सत्र (2026-2029) के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई, जिसमें समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निर्वाचन अधिकारियों की देखरेख में सर्वसम्मति और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ जयश्री लखोटिया को अध्यक्ष और रेणु बहेडिया को सचिव पद पर निर्वाचित घोषित किया गया।

### निर्वाचन प्रक्रिया और पर्यवेक्षण

यह संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया जिला अध्यक्ष संगीता मूंदड़ा एवं जिला सचिव शिल्पा सोमानी के कुशल नेतृत्व में आयोजित की गई। निर्वाचन को पारदर्शी बनाने के लिए निर्वाचन अधिकारी राधा मूंदड़ा तथा पर्यवेक्षक के रूप में उर्मिला नुवाल व अनीता लाठी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनके निर्देशन में ही चयन प्रक्रिया पूरी हुई।




### प्रमाण पत्र वितरण और जश्न

चयन प्रक्रिया के दौरान लगभग 80 महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

निर्वाचन अधिकारी एवं पर्यवेक्षकों द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष जयश्री लखोटिया और सचिव रेणु बहेडिया को आधिकारिक निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपे गए।

### फाग उत्सव के साथ दी बधाई

सत्र 2026-2029 की नई कार्यकारिणी की घोषणा होते ही सदन में हर्ष की लहर दौड़ गई। उपस्थित सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

मेवाड़ की पथरीली जमीन पर विदेशी फलों की बगिया

# घोड़च के किसान महेंद्र प्रताप सिंह ने रचा नया इतिहास

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (नि.स.)।**'कौन कहता है आसमान में छेद नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारो' यह पंक्तियाँ राजसमंद जिले के एक प्रगतिशील किसान की कहानी पर बिल्कुल सटीक बैठती हैं। मेवाड़ की पथरीली और बंजर मानी जाने वाली जमीन पर विदेशी फलों की सफल खेती कर घोड़च गांव के किसान महेंद्र प्रताप सिंह पंवार ने यह साबित कर दिया है कि दृढ़ संकल्प और नई सोच से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। राजसमंद जिले की देलवाड़ा पंचायत समिति के घोड़च गांव निवासी महेंद्र प्रताप सिंह ने अपनी पुश्तैनी भूमि पर ड्रैगन फ्रूट, कश्मीरी सेव (सेब), पेशन फ्रूट, वियतनामी आम, थाई नींबू और मोरिंगा जैसे विदेशी व उन्नत फलों के बागान विकसित किए हैं। पारंपरिक खेती से हटकर किए गए इस अनूठे प्रयोग ने क्षेत्र के किसानों को भी प्रेरित किया है। महेंद्र प्रताप सिंह ने इंटरनेट के माध्यम से नई तकनीकों की जानकारी प्राप्त की तथा कृषि विभाग राजसमंद के मार्गदर्शन से खेती में आधुनिक पद्धतियाँ अपनाईं। कठिन जलवायु और पथरीली भूमि के बावजूद उन्होंने जैविक पद्धति से सफल उत्पादन कर दिखाया।



### पूरी तरह ऑर्गेनिक खेती

फार्म हाउस की संपूर्ण खेती ऑर्गेनिक पद्धति से की जा रही है। इसमें गोबर की खाद, प्राकृतिक जैविक उर्वरक और कुएं के पानी का उपयोग किया जाता है। इससे फलों की गुणवत्ता और स्वाद में विशेषता बनी रहती है।

### विदेशों से सीखने आते हैं किसान

पिछले 10 वर्षों की निरंतर मेहनत का परिणाम यह है कि अब बड़ी संख्या में देश-विदेश के किसान यहां ऑर्गेनिक खेती की तकनीक सीखने के लिए आते हैं। कई विदेशी किसान यहां ठहरकर खेती की पद्धतियों को समझते हैं और अपने देश में अपनाने का प्रयास करते हैं।

ग्रामीण पर्यटन को भी बढ़ावा

महेंद्र प्रताप सिंह के इस नवाचार से ग्रामीण पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिला है। विदेशी मेहमानों के सहयोग से नए पौधों की किस्में तैयार की जा रही हैं, जिससे आसपास के क्षेत्रों में भी इन फसलों का विस्तार किया जा सके।

### जिला स्तरीय सम्मान

उनके उल्लेखनीय प्रयासों के लिए हाल ही में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में उन्हें सम्मानित भी किया गया।महेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि जो भी किसान ऑर्गेनिक खेती सीखना चाहता है, वह उनके फार्म पर आकर प्रशिक्षण ले सकता है। उनका उद्देश्य है कि क्षेत्र की जमीन का बेहतर उपयोग हो, किसानों की आय बढ़े और युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिल सकें।

# डीग में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में जिले के 204 युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र और किट

## डीग के मा आ जी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** युवाओं को रोजगारोन्मुखी नीतियों से जोड़ने एवं नव-चयनित अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शनिवार को डीग में मास्टर आदित्येन्द्र जी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें 204 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

कार्यक्रम के दौरान अजमेर में आयोजित मुख्य राज्य स्तरीय समारोह का सीधा प्रसारण किया गया। सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों एवं नवनियुक्त कार्मिकों ने इस प्रसारण के माध्यम से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सहभागिता निभाई और अतिथियों के विचार सुने।

इस रोजगार उत्सव के अंतर्गत डीग जिले के कुल 204 नव-चयनित अभ्यर्थियों को जिला कलेक्टर और अन्य अतिथियों द्वारा विधिवत रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके साथ ही, उन्हें विभागीय किट का वितरण भी किया गया। नियुक्ति पत्र और किट प्राप्त कर राजकीय सेवा में कदम रखने वाले इन युवाओं के चेहरों पर भविष्य के प्रति सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में जिला कलक्टर उत्सव कौशल एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर राजकुमार कस्वां , लखपत गुर्जर ,भावना गांधी आदि मोजूद रहे।

# बीकानेर ज़िले की नोखा तहसील के सारुंडा गांव में वीरांदेवी रामचन्द्र झंवर आदर्श विद्या मंदिर शिक्षण संस्थान का राज्यपाल बागडे ने किया लोकार्पण

## शिक्षकगण विधार्थियों को ऐसी शिक्षा दे जो उनकी बौद्धिक क्षमता बढ़ाये- राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर / बीकानेर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को नोखा तहसील के सारुंडा गाँव में वीरांदेवी रामचन्द्र झंवर आदर्श विद्या मंदिर शिक्षण संस्थान का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को उनकी बौद्धिक क्षमता बढ़ाए जाने वाली शिक्षा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केवल पाठ्यपुस्तक ही नहीं जीवन को आलोकित करने वाली पुस्तकें भी शिक्षक पढ़ाएँ और विभिन्न गतिविधियाँ भी संचालित करें ताकि बच्चों का बौद्धिक विकास हो और उनकी वैचारिक शक्ति भी बढ़े। जो स्कूल ऐसा करेंगे वही सफल होंगे। अन्यथा विधार्थी केवल डिग्री लिए घूमते नज़र आयेंगे।श्री बागडे ने कौशल विकास बढ़ाने पर भी ज़ोर दिया। राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि अंग्रेज़ जब भारत आए तो यहाँ 8 लाख गुरुकुल और स्कूल थे जिन्हें अंग्रेजों ने बंद करवा दिए। अंग्रेज़ों ने देश को ग़ुलाम बनाने के लिए हमारी शिक्षा पद्धति को बदला और हम 1835 से 2020 तक अंग्रेज़ों की शिक्षा पद्धति को ग्रहण करते आए हैं जिसे 2020 में बदला गया है। शिक्षा पद्धति पहले बदल जाती तो अब तक उसका बहुत प्रभाव नज़र आता। उन्होंने कहा कि विद्या भारती बच्चों के बौद्धिक और शारीरिक विकास पर जोर देता आया है।

# बाबा श्याम के दरबार में भक्तों ने लगाई अर्जी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** श्रीश्याम बाबा के फग महोत्सव कार्यक्रम के चौथे दिन बारस (द्वादशी) को श्रीश्याम भक्तों द्वारा अर्जी लगाई गई। अर्जी प्रातः 08.00 बजे से लगाना प्रारम्भ हो गया। अर्जी लगाने वालों की सुबह से ही भारी भीड जमा हो गई। अर्जी लगाने वालों में स्त्री, पुरूष और बच्चे शामिल रहे। सनातन संस्कृति के अनुसार कई दर्जन पति-पत्नी ने जोडे के साथ बाबा को अपनी अरदास लगाई। मन्दिर महंत रोहित महाराज ने बताया कि श्याम भक्त अपने मन्नतें पूरी करने के लिए बाबा के दरबार में अर्जी लगाते हैं। श्याम भक्त बाबा के सामने अपना दुख दर्द और परेशानियों को रखते हैं। बाबा अरदास सुनकर उनकी परेशानियाँ खत्म करते हैं। बाबा उनकी अरदास सुनता है जो अपने जीवन की चुनौतियों से हार चुके हैं। इसलिए बाबा को हारे का सहारा कहा जाता है। श्याम भक्त कुसुम अग्रवाल ने बताया कि सच्चे मन से लगाई गई अर्जी से श्याम बाबा प्रसन्न होकर शीघ्र ही समस्याओं का समाधान कर देते हैं।

# बाड़मेर में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव, युवाओं को सरकारी नौकरी की सौगात

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अजमेर जनसभा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बाड़मेर जिला मुख्यालय पर शनिवार को भगवान महावीर टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आम सभा का सीधा प्रसारण किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री रोजगार मेले में कार्मिकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली संबोधित करते कहा कि राजस्थान के युवा अब विकसित भारत के सच्चे भागीदार बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि रोजगार सिर्फ कमाई का साधन नहीं, बल्कि सम्मान, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन करने हुए राष्ट्र के विकास सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि युवा अब हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा अब स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व और अन्य विभागों में सेवा देकर संबंधित जिले एवं प्रदेश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बाड़मेर में जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों में चयनित 330 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

# भरतपुर में मंदिर की जमीन को लेकर 2 गांव आमने-सामने

## दानदाताओं का बोर्ड देख भड़के बोले- जीर्णोद्धार ग्रामीणों ने करवाया, दान नहीं दी

बढ़ता राजस्थान



पुलिस पर भड़कते लोग

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर में मंदिर की जमीन पर दानदाता का बोर्ड लगाने को लेकर 2 गांव के ग्रामीणों का आपस में विवाद हो गया। दोनों गांव आमने-सामने हो गए और एक दूसरे पर जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाने लगे। एक पक्ष का आरोप है कि मंदिर की जमीन बाबा खड़ेश्वरी ने खरीदी है। इस पर दानदाता का बोर्ड नहीं लगना चाहिए। ग्रामीणों ने ही मिलकर मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया है। वहीं दूसरे पक्ष का कहना था कि जमीन 3 भाइयों की है। सामने वाले पक्ष के लोग जमीन पर कब्जा करने के लिए इकट्ठा हुए थे। ऐसे में दोनों गांवों के बीच तनाव की स्थिति हो गई और पुलिस ने दोनों पक्षों को वहां से हटाया। 1 घंटे तनाव की स्थिति के बाद मौके पर शांति है और पुलिस बल तैनात किया गया है।

मामला भरतपुर के सेवर थाना इलाके का शनिवार सुबह 11 बजे का है।

### बोर्ड को लेकर हुआ विवाद

दरअसल, घसोला और बरसो के गांव के पास महा सिद्देश्वर श्री आत्मा प्रकाश जी खड़ेश्वरी बाबा का आश्रम और धर्मशाला है। जिस पर आज घसोला गांव के लोगों ने एक बोर्ड लगाया। जिस पर लिखा था श्दानदाता (भामाशाह) प्रताप सिंह, ग्यासी राम, जगन सिंहश् इस पर बरसो गांव के लोगों ने आपत्ति जताई। कहा- ये जमीन खरीदी हुई है दान में नहीं दी गई। इस पर बोर्ड नहीं लगना चाहिए। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग मंदिर के बाहर इकट्ठा हो गए।

सीओ ग्रामीण कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि मंदिर में घसोला और बरसो के ग्रामीण पूजा पाठ करते हैं। घसोला गांव के लोगों ने मंदिर पर कोई बोर्ड लगाने का प्रयास किया था। इस बात को लेकर दोनों गांव के लोग आमने सामने हो गए थे। दोनों से समझाइश कर भेज दिया गया है। मंदिर पर बोर्ड दोनों पक्षों की सहमति से लगा था।

### मंदिर की जमीन दान दी गई

घसोला निवासी ब्रज विहार ने बताया- 27 जुलाई 1963 को ग्यासी निवासी घसोला गांव और उसके परिजनों ने मंदिर की जमीन दान दी थी। इस जमीन पर बरसो के लोगों का कोई हक नहीं है। इसलिए मंदिर के बोर्ड पर दानदाता का नाम लिखा है। बरसो गांव के लोग जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं।

### बोले- दान नहीं ये खरीदी हुई भूमि

बरसो निवासी रमेश ने बताया- बरसो गांव के लोगों ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार कर मंदिर बनाया है। अब घसोला के लोग मंदिर पर अपने नाम का बोर्ड लगा रहे हैं। जबकि इस जमीन को किसी ने दान में नहीं दिया है। घसोला के लोग मंदिर की जमीन को दान में दिखाकर मंदिर पर कब्जा करना चाहते हैं। बाबा खड़ेश्वरी ने घसोला के लोगों से जमीन खरीदी थी।

इसकी रजिस्ट्री भी है। इस जमीन में कोई दानदाता नहीं है।

# आयुर्वेद चिकित्सालय में एम बी बी एस इंटर्नीज को बताए आयुर्वेद के चिकित्सा सिद्धांत

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर में संचालित श्री जगन्नाथ पहाड़िया मेडिकल कॉलेज में एम बी बी एस कर चुके इंटर्नीज डॉक्टर्स को जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में इंटर्नशिप के लिए आने पर आयुर्वेद के चिकित्सकीय सिद्धांतो के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

प्रधान चिकित्सक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित ने बताया कि सरकार के आदेश पर मेडिकल कॉलेज से आये एम बी बी एस इंटर्नीज डॉक्टर्स को जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में संचालित पंचकर्म सेवा प्रकल्प एवं योग प्राकृतिक व्यवस्थाओं के साथ साथ अंतरंग आतुरालय में भर्ती रोगियों से मिलवाकर औषधीय लेपों एवं कमर दर्द, फ्रोजन शोल्डर, घुटनों के दर्द में प्रयुक्त पंचकर्म के बारे में बताया गया। डॉ दीक्षित ने बताया कि मौसम परिवर्तन एवं खान-पान की अनियमितता से होने वाले जुकाम कफ खांसी पेट दर्द अपच अजीर्ण एवं अतिसार आदि सामान्य रोगों के उपचार हेतु रसोई घर के सामान द्वारा चिकित्सा के सरल उपायों के बारे में जानकारी दी गई।इस अवसर पर डॉ राजकुमार झा डॉ कुलदीप शर्मा सीनियर कंपाउंडर भगवान सिंह वीरेंद्र कुमार रजत पाराशर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# बच्चों को बांटी मिठाई एवं पिचकारी



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** स्वास्थ्य मंदिर पर होली सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत करीब 20 परिवारों को राशन सामग्री, कार्यकर्ताओं को मिठाई एवं बच्चों को पिचकारी प्रदान की गई। इस होली सप्ताह कार्यक्रम के अवसर पर कार्यक्रम संयोजक लोकेश सिंघल पूर्व अध्यक्ष स्वास्थ्य मंदिर ने कहा कि यह होली गुलाल होली होनी चाहिए जिसमें पानी की बचत और रंगों का प्रभाव कम हो आजकल के रंग रासायनिक तत्वों द्वारा तैयार किए जाते हैं जो कि शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं इस कारण किसी भी जरूरतमंद परिवार को कुछ भी देकर होली को खुशनुमा बना सकते हैं। होली प्रेम का त्यौहार है सभी को मिलजुल कर आपस में टीका लगाने या गुलाल लगाकर बनाई जाए तो प्रेम बढ़ता है। स्वास्थ्य मंदिर के संस्थापक डॉ वीरेंद्र अग्रवाल ने सभी भरतपुर वासियो से अपील की की होली को टीका होली बनाए।

# अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा महामूर्ख शोभा यात्रा का भव्य स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की शहर इकाई एवं युवा इकाई द्वारा आयोजित महामूर्ख शोभा यात्रा का शहर में भव्य एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। शोभा यात्रा का स्वागत शहर अध्यक्ष सत्यव्रत आर्य युवा जिलाध्यक्ष मनीष गर्ग, महामंत्री सुमनेश गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एल. सी अग्रवाल एवं कपिल बंसल,संजय बंसल द्वारा पुष्प वर्षा एवं माल्यार्पण कर किया गया। सभी पदाधिकारियों ने शोभा यात्रा में सम्मिलित अतिथियों का अभिनंदन करते हुए समाज में एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक एवं युवा उपस्थित रहे। स्वागत मंच को आकर्षक रूप से सजाया गया था और पूरे आयोजन में उत्साह एवं उल्लास का वातावरण बना रहा। अंत में सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन शुभकामनाओं के साथ किया गया।

# भरतपुर ऑडिटोरियम की बढ़ी दरों पर उठा सवाल

## सीताराम गुप्ता ने शुल्क कम करने की मांग की

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** शहर के सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक संगठनों द्वारा भरतपुर ऑडिटोरियम की बढ़ाई गई उपयोग शुल्क दरों को लेकर नाराजगी व्यक्त की जा रही है। इस संबंध में समृद्ध भारत अभियान के निदेशक निदेशक सीताराम गुप्ता ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर दरों में की गई वृद्धि को वापस लेने का आग्रह किया है।

ज्ञात हो कि नगर विकास न्यास (वर्तमान में भरतपुर विकास प्राधिकरण) द्वारा शहर में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु ऑडिटोरियम का निर्माण कराया गया था। लेकिन अधिक शुल्क के कारण अधिकांश संस्थाएं इसका उपयोग नहीं कर पा रही थीं, जिससे भवन अधिकांश समय खाली रहता था।

हाल ही में प्राधिकरण ने एक दिन के उपयोग का शुल्क 35 हजार रुपये से बढ़ाकर 45 हजार रुपये तथा सफाई शुल्क 5 हजार से बढ़ाकर 7 हजार रुपये कर दिया है। इसके अतिरिक्त बिजली उपयोग की दर 30 रुपये प्रति यूनिट निर्धारित की गई है। सामाजिक संगठनों का कहना है कि इतनी अधिक दरों के कारण विद्यालय, महाविद्यालय, प्रशिक्षण संस्थान और सामाजिक संस्थाएं अपने वार्षिक समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कार्यशालाएं अन्य स्थानों पर आयोजित करने को मजबूर होंगी।

सीताराम गुप्ता ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि यदि शुल्क दरों को तर्कसंगत और न्यूनतम किया जाता है तो शहर की सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, विभिन्न संगठनों की भागीदारी बढ़ेगी तथा ऑडिटोरियम का उपयोग बढ़ने से प्राधिकरण की आय में भी स्वाभाविक वृद्धि होगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर छायाकार, सजावट, साउंड व लाइटिंग जैसे व्यवसायों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि सामाजिक एवं सामुदायिक हितों को ध्यान में रखते हुए भरतपुर विकास प्राधिकरण को बढ़ाई गई दरें वापस लेने तथा उपयोग शुल्क कम करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि भरतपुर संभाग मुख्यालय पर सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिल सके।

# एचवीपी टीकाकरण अभियान शुरू'

## जिले में यूपीएचसी तिलक नगर लगाया पहला टीका, आरसीएचओ डॉ. अमर सिँह रहे मौजूद

### सर्वाइकल कैंसर से बचाने में टीका कारगर'




बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए टीकाकरण की शुरुआत शनिवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिलक नगर से 14 वर्ष की बालिका को टीका लगाकर की गई । इस टीका का प्रदेश व्यापी शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा अजमेर से किया गया। आरसीएचओ डॉ. अमर सिंह ने बताया कि प्रदेश में टीकाकरण अभियान की शुरुआत के साथ जिले में भी टीका लगाने की शुरुआत की गई है टीकाकरण अभियान आगामी 90 दिनों तक संचालित रहेगा, जिसमें एचपीवी का टीका 14 साल अधिक आयु की बालिकाओं को लगाया जाएगा। जिलेभर की करीब 19 हजार बालिकाओं का लक्ष्य रखा गया है। ये टीके सीएचसी, उप जिला एवं जिला अस्पताल में लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि टीकाकरण पूरी तरह मुफ्त व स्वैच्छिक होगा। इसका मकसद सभी वर्गों की बालिकाओं तक बराबर पहुंच सुनिश्चित करना है। अभियान सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों व आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में चलाया जाएगा। सभी टीका केंद्र सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े होंगे ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत चिकित्सा सहायता मिल सके। टीकाकरण शुभारंभ कार्यक्रम पर मौजूद डॉ हरिओम पाठक ने बताया कि 14 साल की उम्र में एक डोज देने से मजबूत व लंबे समय तक सुरक्षा मिलती है। डीपीसी -आईईसी राममोहन जांगिड़ ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर के हर साल 80 हजार नए मामले सामने आते हैं और 42 हजार से ज्यादा महिलाओं की मौत हो जाती है। सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) महिलाओं बढ़ती समस्या है,एचपीवी वैक्सीन भविष्य में कैंसर से बचाव के लिए सबसे अच्छा उपाय है। जिलास्तरीय के शुभारंभ दौरान डॉ हरिओम पाठक , पीएचएम देवेश अग्रवाल, मुकेश कुमार और स्थानीय स्टाफ एएनएम, आशा सहयोगनी मौजूद रहे।

# सीवरेज से निकले 500-500 के नोट, मची लूट:दो युवक कट्टे में भरकर भागे, कुछ लोगों ने नोटों को धोकर सुखाया

बढ़ता राजस्थान

बीकानेर। बीकानेर में सीवरेज लाइन के चैम्बर से 500-500 के नोट निकले। बाइक पर आए युवकों ने बोरे में भर लिया। लोग आए तो युवक रुपए लेकर फरार हो गए। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने चैम्बर में हाथ डाल-डाल कर नोट निकालने शुरू किए। यह देख सीवरेज के पास भीड़ जुट गई। लोगों ने 15 फीट दूर सीवरेज के दूसरे चैम्बर का ढक्कन खोला तो वहां भी गंदे पानी में नोट पड़े नजर आए। लोगों ने नोट लूटकर साफ पानी से धोए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नोट जब्त कर लिए। मामला बीकानेर के मुक्ता प्रसाद थाना इलाके कर शनिवार का है। अंत्योदय नगर के सार्वजनिक पार्क के टॉयलेट के पास सीवरेज के खुले चैम्बर में नोट पड़े थे। 500-500 के करीब 5 हजार नोट जब्त किए गए हैं। नोट असली हैं या नकली इसकी जांच की जा रही है।

# विज्ञान दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** श्री हरिदत्त डिग्री कॉलेज में आज विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं ए.आई. तथा जी.एम.ओ. पर वाद-संवाद का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि समाजसेवी हरिदत्त शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के हरिदत्त शर्मा ने बताया कि विज्ञान केवल एक विषय नहीं है, बल्कि यह जीने का एक तरीका है। सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक, हम जो कुछ भी उपयोग करतें हैं - चाहे वह बिजली हो, मोबाईल फोन हो, दवाइयॉ हो या परिवहन के साधन - सब विज्ञान की ही देन है।

महाविद्यालय की प्रवक्ता साक्षी चतुर्वेदी ने विज्ञान के महत्व बोलते हुए कहा कि आज हम यह संकल्प लेतें हैं कि हम अपनी जिज्ञासा को कभी मरने नहीं देंगे- न प्रयोग करेंगे। और अपने ज्ञान से भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देंगे। पोस्टर प्रतियोगिता में देवश्री ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं द्वितीय स्थान आंकाक्षा, तृतीय स्थान शगुन ने प्राप्त किया। रंगाली प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष की छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान, प्रथम वर्ष की छात्र-छात्राओं ने द्वितीय स्थान और तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद-संवाद प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी प्रथम स्थान पर रहे जबकि द्वितीय स्थान पर तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने परचम लहराया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बिंदु, द्वितीय स्थान पर दुष्यंत तथा तृतीय स्थान पर रेनूबाला रही।

इस अवसर डी. सी. सैनी, प्राचार्या डॉ. संजू शर्मा, डॉ. नीता माथुर, डॉ. पूनम दीक्षीत, डॉ. राजकमल दिवाकर, साक्षी चतुर्वेदी, पूनम चौधरी, डॉ. रेणु पाराशर, डॉ. गौरवदीप करौला, डॉ. सचिन कुमार, डा. सरिता रानी, कृपाल सिंह, नेहा ओमर, हरिकेश सिंह, गणेश सिंह, जीतेन्द्र कुमार, भावना, विनोद छारिया, बनवारी लाल, राजीव सिंघल, राममोहन शर्मा, महेन्द्र, अशोक सिंह, विनोद अवस्थी, गोपाल प्रसाद आदि गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

# होली मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर विगत दिवस श्री विश्वकर्मा शिल्पकार सेवा समिति के तत्वावधान में होली मिलन समारोह बडे हर्ष एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ जिसमें वरिष्ठ कवि सोमदत्त व्यास, पैरोडी का लक्ष्मण चौधरी, हरिओम हरि एवं पूरन शर्मा ने काव्य पाठ कर वाहवाह लूटी। इस अवसर पर आर्केस्ट्रा पार्टी प्रताप गामा लट्ठ पार्टी के कलाकारों ने होली के रसिया और भजन प्रस्तुत कर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इन्टरनेशनल वैश्य समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग गर्ग थे। विशिष्ट अतिथियों में गिरधारी तिवारी, इन्द्रजीत भारद्वाज, सुनील गोयल प्रधान, जिला व्यापार संघ के जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता, नरेश गोयल, कपिल फौजदार आदि थे। अध्यक्षता टिम्बर एसोसिऐशन के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने की। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा, लखन शर्मा सचिव, दारासिंह कोषाध्यक्ष, ताराचंद, बबली खान, छोटे खान, मुन्नालाल,




बाबूलाल, प्रहलाद गुप्ता, सरदार महेन्द्र सिंह, लाखन सिंह, शैलेष एवं कार्यकारिणी सदस्य आदि मौजूद थे।

## श्मशान भूमियों को अतिक्रमण मुक्त कर मार्गों का पक्का निर्माण कराया जाए - कोठारी

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने राजस्थान विधानसभा में श्मशान भूमियों के मार्गाधिकार और अतिक्रमण के मुद्दे पर तारांकित प्रश्न उठाकर सरकार से ठोस कार्ययोजना की मांग की है। उन्होंने राजस्व मंत्री से प्रदेशभर में श्मशान भूमियों की वर्तमान स्थिति, राजस्व अभिलेखों में उनके आरक्षण तथा अतिक्रमण हटाने के संबंध में विस्तृत जानकारी मांगी।

विधायक कोठारी ने यह भी जानना चाहा कि क्या कुछ स्थानों पर श्मशान खातेदारी भूमी स्थित है और यदि ऐसा है तो भीलवाड़ा जिले के किन-किन गांवों में यह स्थिति है। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि यदि कोई खातेदार सार्वजनिक हित में भूमि समर्पित करता है तो उसे इस भूमि के बदले अन्यत्र भूमि आवंटन की व्यवस्था की जाए।

कोठारी ने मांग की कि प्रदेशव्यापी विशेष अभियान चलाकर श्मशान भूमियों तक जाने वाले रास्तों को अतिक्रमण मुक्त किया जाए तथा वहां पक्का निर्माण कराया जाए ताकि आमजन को अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील अवसर पर सम्मानजनक और सुगम सुविधा मिल सके। उन्होंने सरकार से इस संबंध में समयबद्ध कार्ययोजना प्रस्तुत करने की मांग की है।

## मनचले युवकों की करतूत, स्कूली छात्राओं के साथ की छेड़खानी

बढ़ता राजस्थान

**नैनवा (टी.आर सैनी)।** कस्बे में शरारती दो युवकों ने स्कूल से घर लौट रही स्कूली छात्राओं के साथ छेड़खानी किया जाने का मामला सामने आया है । एक छात्र जब ज्योति नगर की गली से गुजर रही थी तो दो लड़के मोटरसाइकिल लेकरआए और उसके पास मोटरसाइकिल रोक कर छात्रा की कमर पकड़ कर लज्जा भंग की । इसके बाद उन्हें लड़कों ने दूसरी छात्राके पैर पर बाइक चढ़ा दी जिससे छात्रा के पैर पर चोट आई आ गई ।एक अन्य छात्र के साथ भी दोनों ने छेड़खानी करने की कोशिश की । इतना ही नहीं शरारतियों युवको ने स्कूली छात्राओं का पीछा किया और अश्लील हरकतें की गई । ऐसी घटना से आहत स्कूल छात्राओं ने सारी घटना अपने परिजनों को बताई इसके बाद परिजनों के साथ नैनवा पुलिस थाने में दो युवकों के खिलाफ नामजद दी गई । दूसरी ओर पुलिस ने शरारती युवको के खिलाफ कार्यवाही करते हुए घटना कारित करने वाले श्याम कुमार मीणा पुत्र राम सागर मीणा निवासी बागेड़ा,नरेश गुर्जर निवासी बड़ी पड़ाप का खिलाफ अपराध बीएनएस की धारा 74,78 एव पोक्सो एक्ट मैं मामला दर्ज कर आरोपियो की तलाश की गई । स्कूल छात्राओं के साथ हुई वारदात से आम जनों में भारी रोष है लोगों ने बताया कि ऐसे मनचले युवकों को खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जाना आवश्यक है।

## प्रधानमंत्री ने अजमेर से किया एचपीवी वैक्सीन का शुभारंभ, जिला मुख्यालय पर आयोजित हुआ रोजगार उत्सव

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राजस्थान के अजमेर के कायड़ से देश की बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया। माननीय प्रधानमंत्री ने देशव्यापी ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान विशेष रूप से 14 वर्ष की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से बचाने के लिए शुरू किया गया है। इसी के तहत जिला मुख्यालय पर रोजगार उत्सव आयोजित किया गया, जिसमें वीसी के माध्यम से जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, रोजगार पाने वाले युवा एवं आम नागरिक शामिल हुए। अजमेर के कायड़ में आयोजित मुख्य समारोह में माननीय प्रधानमंत्री ने इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल की शुरुआत करते हुए कहा कि सरकार देश की बेटियों के स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उल्लेखनीय है कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों (आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सीएचसी और जिला अस्पतालों) पर यह वैक्सीन पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम के तहत हर साल देश की लगभग 1.15 करोड़ किशोरियों को कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत 14 वर्ष आयु की बालिकाओं के निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा।

इस दौरान जिला स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों ने नवनियुक्त युवाओं को चयनित पत्र सौंपे। कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. मंजू, एडीएम प्रशासन सुभाष कुमार, एडीएम सतर्कता श्रीमती रीना, शरणपाल सिंह मान, जिला परिषद सीईओ गिरधर बेनीवाल, एसीएम श्रीमती स्वाति गुप्ता, सीडीईओ अरविंद्र सिंह, सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला, मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. पीके बेरवाल, पीएमओ डॉ. सुखपाल सिंह बराड़, आशुतोष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# निम्बाहेड़ा में हाईटेंशन लाइन के नीचे अवैध व्यावसायिक निर्माण, सुरक्षा मानकों पर उठे सवाल

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** नगर परिषद क्षेत्र के ईदगाह चौराहा से उदयपुर रोड स्थित सीके गार्डन के समीप नर्मदा नगर में हाईटेंशन ट्रांसमिशन लाइनों के नीचे अवैध व्यावसायिक निर्माण कार्य किए जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय निवासियों के अनुसार विद्युत सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए प्रतिबंधित क्षेत्र में निर्माण जारी है, जिससे आमजन के जीवन पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित क्षेत्र में 132 केवी एवं 220 केवी की एक्स्ट्रा हाईटेंशन ट्रांसमिशन लाइनें गुजर रही हैं। इन लाइनों के नीचे निर्माण कार्य किए जाने से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि इस संबंध में नगर परिषद में शिकायत भी दर्ज कराई गई, किन्तु अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। विशेषज्ञों के अनुसार सामान्य घरेलू विद्युत आपूर्ति 230 वोल्ट की होती है, जो संपर्क में आने पर जानलेवा सिद्ध हो सकती है। इसके विपरीत 132 केवी (1,32,000 वोल्ट) और 220 केवी (2,20,000 वोल्ट) की ट्रांसमिशन लाइनों में घरेलू बिजली की तुलना में सैकड़ों गुना अधिक विद्युत तीव्रता होती है, जिससे इनके नीचे या निकट निर्माण अत्यंत जोखिमपूर्ण माना जाता है। एक्स्ट्रा हाईटेंशन लाइन के प्रतिबंधित दायरे में निर्माण को विद्युत सुरक्षा मानकों का स्पष्ट उल्लंघन माना जाता है और पूर्व में इस प्रकार के मामलों में दुर्घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि नियम-कानूनों की खुलेआम अनदेखी के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने में गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। इस संबंध में नगर परिषद के आयुक्त कौशल कुमार खटूमरा से संपर्क करने का प्रयास किया गया, किंतु उनसे बात नहीं हो सकी।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से अविलंब हस्तक्षेप कर सुरक्षा मानकों के अनुरूप कार्रवाई करने तथा संभावित हादसे को टालने की मांग की है। इस सम्बन्ध मे नगर परिषद के आयुक्त कौशल कुमार खटूमरा से बात करना चाही तो उन्होंने कॉल नहीं उठाया।

## वर्द्धमान महाविद्यालय में भावनाओं से सजी एल्युमनाई मीट-2026

### यादों का पुनर्मिलन बना प्रेरणा का मंच, 150 से अधिक पूर्व छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय में एल्युमनाई मीट 2026 का भव्य आयोजन बड़े उत्साह और आत्मीय माहौल में सम्पन्न हुआ। एलुमनाई एसोसिएशन, आईक्यूएसी तथा वर्तमान-पूर्व छात्राओं के संयुक्त प्रयासों से आयोजित कार्यक्रम में 150 से अधिक पूर्व छात्राओं ने भाग लेकर पुरानी यादों को जीवंत कर दिया । पूर्व छात्राओं का स्वागत एनसीसी परेड, बैंड की मधुर ध्वनि, तिलक, साफा और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व छात्राओं को एक मंच पर जोड़ना और उनके अनुभवों को वर्तमान छात्राओं तक पहुंचाना रहा। इस दौरान एलुमनाई नेटवर्क मजबूत करने, मेंटरशिप सत्र और



शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ाने पर भी चर्चा हुई । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा ने कहा कि पूर्व छात्राएं किसी भी संस्थान की मार्गदर्शक होती हैं, जो नई पीढ़ी को दिशा देती हैं। उन्होंने बताया कि वर्द्धमान की छात्राएं आज जज, पुलिस अधिकारी, सीए, सीएस, इंजीनियर, प्रोफेसर सहित विभिन्न उच्च पदों पर कार्यरत हैं । शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने एलुमनाई को संस्थान की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए इसे आजीवन संबंधों का प्रतीक बताया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गीत, नृत्य, शायरी और रोचक गतिविधियों ने माहौल को भावनात्मक और उल्लासपूर्ण बना दिया पूर्व छात्रा एवं पूर्व सभापति शशिबाला सोलंकी ने संसाधनों का सही उपयोग कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

पूर्व छात्रा प्रधानाचार्य रेखा सिंगारिया ने अनुशासन और मेहनत का महत्व बताया मॉडल एवं अभिनेत्री इशिका जैन ने कहा कि वर्द्धमान ने उन्हें आत्मनिर्भर बनना सिखाया और यहां आकर समय थम सा गया कार्यक्रम में संकाय सदस्य, कर्मचारी और छात्राएं उपस्थित रहीं।

संचालन निधि पंवार व पूजा ने किया। समापन हाईटी, पुरानी यादों के आदान-प्रदान और पुनः मिलने के वादों के साथ भावुक माहौल में हुआ।

## हरदीप सिंह पुरी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, पुतला दहन

### अप्सटीन फाइल में नाम आने के आरोपों पर बर्खास्तगी व इस्तीफे की मांग



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर जिला कांग्रेस कमेटी सेवादल के जिला अध्यक्ष एडवोकेट विक्रम सोनी एवं ब्यावर जिला महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष इशिका जैन के संयुक्त नेतृत्व में शनिवार को चांग गेट स्थित कुमार आनंद सर्किल पर भाजपा के केबिनेट मंत्री हरदीप सिंह पुरी का पुतला फूंका गया। कार्यकर्ताओं ने 'हरदीप पुरी मुर्दाबाद' के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शनकांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मंत्री का नाम तथाकथित 'अप्सटीन फाइल' में आने से गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। प्रदर्शनकारियों ने नाबालिग बच्चियों के शोषण जैसे गंभीर आरोपों की निष्पक्ष जांच कर मंत्री को तत्काल बर्खास्त करने मांग की जिला प्रवक्ता ऋषि लाम्बा ने जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी ऐसे किसी भी व्यक्ति का पुरजोर विरोध करती है, जिस पर अमानवीय कृत्यों में संलिप्तता के आरोप हों। उन्होंने कहा कि नैतिक आधार पर मंत्री को पद छोड़ देना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व सभापति मुकेश सोलंकी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सोहन मेवाड़ा, अशोक रांका, प्रदेश सेवादल नेत्री गंगा रावत, सुलक्षणा शर्मा, ममता जैन, पूर्व सेवादल जिला कांग्रेस बालू राम सेन, पूर्व पार्षद रामनिवास सेन, बाबूलाल पंवार, राजेश शर्मा, भुवनेश शर्मा, अजय स्वामी, जीवराज जवा, ओबीसी जिला अध्यक्ष कैलाश गहलोत, एसी विभाग जिला अध्यक्ष बिदीचंद खोरवाल, सेवादल विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट मगन सोलंकी, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद माथुर, यंग ब्रिगेड जिला अध्यक्ष लोकेश कुमार, महासचिव एडवोकेट विजय फुलवारी, मंडल अध्यक्ष राम यादव, हिमांशु शर्मा, देवकरण शर्मा, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र काठात, शिक्षक प्रकोष्ठ महासचिव जगदीश राठौर, शैलेश शर्मा, अरविंद बट्टनगर, पवन तातेर, पन्नालाल सुनारीवाल, अशोक साहू, छगन लाल मेवाड़ा, राजेंद्र कुमावत, अशोक मूंदड़ा, शिव तुनगरिया, गोपाल सांखला, नवीन गर्ग, जितेंद्र सेन, ज्योति कंवर सहित सैकड़ों महिला-पुरुष कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदर्शन के अंत में नेताओं ने कहा कि जब तक मामले में स्पष्टता और जवाबदेही तय नहीं होती, कांग्रेस का विरोध जारी रहेगा।

## पीएम मोदी की ऐतिहासिक सभा में भीलवाड़ा से हजारों कार्यकर्ताओं व लाभार्थियों ने दर्ज कराई रिकॉर्ड उपस्थिति

### जिलाध्यक्ष मेवाड़ा बोले- 'कार्यकर्ताओं में भरा नया जोश'

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अजमेर के कायड़ विश्राम स्थली में आयोजित ऐतिहासिक आमसभा में भीलवाड़ा जिले से जनसैलाब उमड़ पड़ा।भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक उदयलाल भडाना, लादूलाल पीतलिया, लालाराम बैरवा, जब्बरसिंह सांखला, गोपीचंद मीणा, गोपाल खंडेलवाल, अशोक कोठारी, पूर्व सांसद सुभाष बहेडिया, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी सहित जिलेभर के जनप्रतिनिधियों ने रैली में सहभागिता दर्ज कराई।



जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों और सभी 39 मंडलों से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थी बसों और निजी वाहनों के माध्यम से अजमेर पहुंचे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने के बाद कहा कि उनका मार्गदर्शन हम सभी के लिए पाथेय है। भीलवाड़ा से उमड़ा जनसैलाब इस बात का प्रमाण है कि जनता मोदी की गारंटियों पर अटूट विश्वास करती है। प्रधानमंत्री जी के संबोधन से बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को जो 'बूस्ट' और मंत्र मिला है, वह आने वाले समय में जिले के कोने-कोने तक विकास की मशाल को और तेज करेगा। सभा से लौटते वक्त कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। प्रधानमंत्री के विजन और गरीब कल्याण की योजनाओं के प्रति जनता का विश्वास इस विशाल उपस्थिति के रूप में स्पष्ट नजर आया। आमसभा में भीलवाड़ा जिले से जिला एवं मंडल पदाधिकारी, मोर्चा व प्रकोष्ठों के अध्यक्ष और बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटड़ा में मनाया महाराणा प्रताप राज्यारोहण दिवस

#### वीरता, स्वाभिमान और स्वतंत्रता के आदर्शों को अपनाने का आह्वान

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटड़ा में शनिवार को महाराणा प्रताप राज्यारोहण दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रजापति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप एक वीर, साहसी एवं स्वाभिमानी शासक थे, जिन्होंने मुगलों की अधीनता कभी स्वीकार नहीं की और अंतिम समय तक अपने राज्य की स्वतंत्रता बनाए रखी। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रताप के आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान किया।

समारोह को तृप्ति राठौड़, सीमा श्रृंगी एवं चंदू वाला शर्मा ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम में स्टाफ सदस्य नरेंद्र सिंह, हेमराज, साबिर हुसैन, गोपीलाल भट्ट सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल कपासन में नवीन प्रवेश प्रक्रिया 6 मार्च से प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल दामाखेड़ा ब्लॉक कपासन में सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु कक्षा 1 एवं 6 में नवीन प्रवेश तथा कक्षा 2 से 5 व 7 से 9 तक रिक्त सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया 6 मार्च से प्रारंभ होगी। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल प्रधानाचार्य भेरूलाल वीरवाल ने बताया की मॉडल स्कूल में प्रवेश हेतु आवेदन पत्रों का वितरण 6 मार्च 2026 से प्रारंभ होंगे ।साथ ही पूर्ण रूप से भरे आवेदन पत्र 16 मार्च 2026 तक जमा किये जायेगे ।यहां कक्षा 9 के लिए प्रवेश परीक्षा का 18 मार्च 2026 को मॉडल स्कूल कपासन में आयोजन होगा। साथ ही कक्षा 1 से 9 तक चयनित आवेदकों की सूची 23 मार्च 2026 को जारी की जायेगी। कक्षा 11 विज्ञान वर्ग (गणित व जीव विज्ञान) में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी सीबीएसई-आरबीएसई बोर्ड की परीक्षा के बाद अस्थाई प्रवेश हेतु संपर्क कर सकते हैं। कक्षा 1 से 8 एवं कक्षा 9 व 11 का संचालन 1 अप्रैल से प्रारंभ हो जायेगा।

## तपस्वियों का भव्य वंदनः निंबाहेड़ा में प्रभु भक्ति महोत्सव श्रद्धा-भक्ति के साथ संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** नगर में वर्षीतप तपस्वियों के वंदन एवं सम्मान के उपलक्ष्य में प्रभु भक्ति महोत्सव का भव्य आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन पूज्य विदुषी सा. दमिता श्रीजी म.सा. की शिष्या पूज्य सा. मुक्तिप्रिया श्रीजी म.सा. आदि ठाणा की पावन निश्रा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्वर्गीय श्री केसरसिंहजी एवं स्वर्गीय श्रीमती रतनबाई बोड़ाणा की पुण्य स्मृति में उनकी पुत्रवधू श्रीमती सुमित्रा-सुरेश बोड़ाणा के वर्षीतप के निमित्त रखा गया। इस अवसर पर वर्षीतप तपस्वियों का भावपूर्ण सम्मान एवं तपस्या वंदन किया गया।



शनिवार, 28 फरवरी 2026 को प्रातः 8.30 बजे स्थानीय जैन मंदिर से वर्षीतप मंडल के 50 तपस्वियों की ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पूज्य सा. मुक्तिप्रिया श्री जी म.सा. की शुभ निश्रा में माहेश्वरी मोहल्ला स्थित पटवारी भवन पहुंची। यात्रा के दौरान महिलाओं ने भक्ति नृत्य प्रस्तुत करते हुए 'तपस्वी की जय जयकार', 'तपस्या करने वालों को धन्यवाद' एवं 'तपस्वी अमर रहे' जैसे गगनभेदी नारों से पूरे वातावरण को धर्ममय बना दिया।

प्रातः 9 बजे ऋषभ वंदना एवं तपस्वी वंदामणि का भव्य आयोजन हुआ। संगीत सेवा श्री श्रेयांशकुमार टक एंड पार्टी, नारायणगढ़ (मध्यप्रदेश) द्वारा प्रदान की गई। भगवान आदिनाथ के भजनों एवं मंत्रोच्चार से भावपूर्ण वातावरण निर्मित हुआ, जिसे उपस्थित वर्षीतप आराधकों एवं समाजजनों ने सराहा। कार्यक्रम का आयोजन निजी आवास, पटवारी भवन, माहेश्वरी मोहल्ला, निंबाहेड़ा में हुआ, जहां बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी श्रावक-श्राविकाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अंत में आयोजक परिवार की ओर से सुरेश कुमार बोड़ाणा ने साध्वीवृंद, तपस्वियों, समाजजनों एवं सभी पधारे श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन निंबाहेड़ा नगर के धार्मिक जीवन में एक प्रेरणादायक एवं स्मरणीय अवसर के रूप में दर्ज हुआ।

## लाईनमेन को हटाने एवं बिजली आपूर्ति में सुधार करने का मामला, ताकला के ग्रामीणों का जजावर जीएसएस पर प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**जजावर( पदम शाह )।** कस्बे के 33/11केवी जीएसएस के ताकला फीडर से जुड़े ताकला सहित बाढ़ की झोपड़ियां एवं अन्य इलाक़ों के ग्रामीणों एवं बिजली उपभोक्ताओं ने कई दिनो से चल रहे विद्युत आपूर्ति में व्यवधान एवं ताकला फीडर पर नियुक्त लाईनमेन की दबंगाई से परेशान होकर आज जजावर फीडर पर एकत्रित होकर आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रदर्शन किया एवं जीएसएस पर मौजुद कर्मचारी से अधिकारीयो को मौके पर बुलाने की मांग की। इस हंगामे के चलते जजावर कस्बे की विद्युत आपूर्ति भी एक-डेड घंटे बाधित रही । ग्रामीणों के इस प्रदर्शन की जानकारी मिलने के बाद पुर्व सरपंच वीरेंद्रसिंह हाडा सहित भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री दीक्षांत सोनी भी मौके पर पहुंच गए उन्होनें ग्रामीणों की समस्या जानकर मौके से जयपुर डिस्कॉम के एईएन एवं जेईएन को



फोन से अवगत कराते हुए मौके पर बुलाने की रिक्वेस्ट की लेकिन आवश्यक राजकीय कार्य मे व्यस्तता बताते हुए फोन पर ही पूर्व सरपंच हाडा के माध्यम से ग्रामीणों की दोनो समस्या का समाधान कर देने के लिए ग्रामीणों को आश्वस्त किया इसके बाद सभी ग्रामीण संतुष्ट हुए एवं एईएन के नाम ताकला फीडर के लाईनमेन को बदलने का एक ज्ञापन जीएसएस पर मौजुद कर्मचारी एसएल मीणा को दिया । उधर ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे ताकला के युवा समाज सेवी भूपेंद्रसिंह हाडा ने बताया कि ताकला फीडर पर नियुक्त लाईनमेन की कार्यशैली, व्यवहार, सेवा से फीडर से जुडे सभी गांवो के ग्रामीण एवं उपभोक्ता परेशान है एवं जीएसएस पर एक पावर ट्रांसफार्म पर तीन फीडर एवं एक पर केवल खोडी फीडर दे रखा है जिसकी वजह से ताकला फीडर की लाईन अधिकांश फाल्ट रहती है इसलिए ताकला फीडर को खोडी फीडर के साथ कनेक्ट कर दिया जाए तो पावर ट्रांसफार्म का लोड भी सेटिंग हो जाएगा एवं ताकला फीडर भी सुचारु हो जाएगा। उधर मौके पर भाजपा नैनवां देहात मंडल अध्यक्ष राधाकिशन सैनी एवं सरपंच प्रतिनिधि मधु नागर भी मौजुद रहे।

# 152 किलोमीटर दूर से खाटूश्याम पहुंचा पावन निशान

### शिखर पर ध्वजा चढ़ाने और भोग आरती के साथ मेला संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**सीकर।** विश्व प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर में आयोजित बाबा श्याम का वार्षिक फाल्गुनी लक्खी मेला प्रसिद्ध सूरजगढ़ का निशान चढ़ने और भोग आरती के साथ विधिवत संपन्न हो गया। हर साल की तरह इस बार भी सूरजगढ़ का निशान 152 किलोमीटर दूर से खाटू पहुंचा, जिसे मंदिर शिखर पर चढ़ाया गया। द्वादशी पर बाबा श्याम को खीर चूरमे का भोग लगाया गया।

हालांकि मंदिर कमेटी के अनुसार, इस बार 8 दिन चले वार्षिक फाल्गुनी लक्खी मेले में 15 लाख श्रद्धालुओं ने मंदिर में बाबा श्याम के दर्शन किए, जो पिछली बार की तुलना में करीब 5 लाख कम है। पिछली बार 12 दिन चले मेले में करीब 20 लाख भक्त खाटू धाम पहुंचे थे। आठ दिन तक चले इस आस्था पर्व का समापन भोग आरती और परंपरागत निशान चढ़ाने की रस्म के साथ हुआ, लेकिन मेले की रौनक अब भी बरकरार है और श्रद्धालुओं का सैलाब लगातार उमड़ रहा है। वहीं अफवाहों और बोर्ड परीक्षाओं का असर भी भीड़ पर देखने को मिला।

# राहुल गांधी का वित्त मंत्री सीतारमण को लेटर लिखा- एक्स-सर्विसमेन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम के लिए पर्याप्त बजट दें, दिव्यांगता पेंशन से इनकम टैक्स हटाएं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखा है। उन्होंने सशस्त्र बलों के पूर्व सैनिकों से जुड़े दो महत्वपूर्ण मुद्दों पर हस्तक्षेप की मांग की है। 25 फरवरी 2026 को लिखे लेटर में राहुल ने एक्स-सर्विसमेन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराने और दिव्यांगता पेंशन पर लगाए गए नए आयकर प्रावधान को वापस लेने मांग की। राहुल ने लिखा है कि एक्स-सर्विसमेन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम का उद्देश्य पूर्व सैनिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना है, लेकिन यह गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने देश की सेवा की, वे आज खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। इस लेटर एक कॉपी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भी भेजी गई है। दरअसल, राहुल गांधी डिफेंस की पार्लियामेंट स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य हैं। वे लगातार एक्स-सर्विसमेन के लिए सरकारी सुविधाएं बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

केंद्र सरकार ने 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होने वाले नए आयकर नियमों के तहत पूर्व सैनिकों की दिव्यांगता पेंशन से जुड़े प्रावधानों में बदलाव किया है। नए नियमों के अनुसार अब केवल उन सैनिकों की दिव्यांगता पेंशन कर-मुक्त रहेगी जिन्हें दिव्यांगता के कारण सेवा से 'इनवैलिडेड आउट' किया गया है।

# घर में घुसकर थानेदार पर कॉन्स्टेबल ने किया हमला

### रात 1 बजे गेट तोड़कर घुसा; पार्टी में शराब पीने से टोकने पर नाराज था

बढ़ता राजस्थान

**नागौर।** पार्टी में शराब पीने से टोकने पर गुस्साए कॉन्स्टेबल ने अपने ही थानाधिकारी (सीआई) पर जानलेवा हमला कर दिया। पार्टी खत्म होने के बाद रात करीब एक बजे नुकीला हथियार लेकर कॉन्स्टेबल अचानक सीआई के क्वार्टर पहुंचा। उसका दरवाजा तोड़कर भीतर घुस गया। फिर कमरे में मौजूद सीआई पर सुवे से कई वार किए, जिससे सीआई घायल हो गए। हालांकि मौके पर पहुंचे पुलिस के जवानों ने कॉन्स्टेबल को काबू में किया। थानाधिकारी ने आरोपी कॉन्स्टेबल रणजीत टाडा पर मामला दर्ज करवाया है। मामले में एसपी मृदुल कच्छावा का कहना है कि मामले की जांच कर रहे हैं। जल्द एक्शन होगा।

#### रिटायरमेंट पार्टी में शराब को लेकर हुआ था विवाद

जानकारी के अनुसार- रोल थानाधिकारी हरजीराम का आज शनिवार को रिटायरमेंट होना है। इसके लिए शुक्रवार की रात को रिटायरमेंट पार्टी रखी गई थी। इसमें कॉन्स्टेबल रणजीत टाडा और जायल थानाधिकारी मुकेश कुमार वर्मा साथ- साथ थे। पार्टी में रणजीत ने शराब पी तो सीआई मुकेश कुमार ने टोका। इसके बाद दोनों में कहासुनी हो गई। पार्टी खत्म होने के बाद रणजीत धारदार हथियार (नुकीला सुवा) लेकर जायल थाने पहुंचा और पुलिस कर्मियों के पीछे दौड़ने लगा।



# इजराइल-अमेरिका का ईरान पर हमला, 200 से ज्यादा मौतें...

## ईरानी रक्षामंत्री के मारे जाने की खबर

### ईरान ने भी इजराइल-दुबई पर 400 मिसाइलें दागीं

बढ़ता राजस्थान

**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)।** इजराइल ने शनिवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर बड़ा हमला किया। ईरानी न्यूज एजेंसियों ने बताया कि दक्षिणी ईरान के एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 200 से ज्यादा मौतें हो गई। इससे पहले न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि इजराइली हमले मे ईरानी रक्षामंत्री अमीर नासिरजादेह और रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर मोहम्मद पाकपोर की मौत हो गई। इजराइल ने अमेरिका के साथ मिलकर ईरान के 10 शहरों पर एयरस्ट्राइक की है। हमले के बाद ट्रम्प ने वीडियो जारी कर कहा कि ईरान पर यह हमला अमेरिकी नागरिकों की रक्षा के लिए किया गया है। जवाब में ईरान ने इजराइल पर करीब 400 मिसाइलें दागीं और कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब व यूएई में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया। इतना ही नहीं, ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई पर भी हमला किया।





# पाकिस्तान टी20 विश्व कप 2026 से हुआ बाहर

### हाईस्कोरिंग मुकाबले में श्रीलंका को 5 रनों से हराया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान की टीम टी20 विश्व कप 2026 से बाहर हो गई है। पाकिस्तान ने अपने आखिरी सुपर-8 मुकाबले में श्रीलंका को करीबी मुकाबले में 5 रनों से हराया। ग्रुप-2 से इंग्लैंड के बाद अब न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। पाकिस्तान ने शनिवार को टी20 विश्व कप सुपर-8 के अपने आखिरी मुकाबले में श्रीलंका को 5 रनों से हराया। हालांकि इस जीत के बावजूद पाकिस्तान की टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी है। न्यूजीलैंड की टीम बेहतर रन रेट की मदद से अंतिम-4 में जगह बनाने में सफल रही है। पाकिस्तान ने साहिबजादा फरहान और फखर जमां के बीच हुई शतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 212 रन बनाए। इसके जवाब में श्रीलंका ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 207 रन ही बना सकी। श्रीलंका को आखिरी ओवर में जीत के लिए 28 रन चाहिए थे और कप्तान दसुन शनाका ने शाहीन अफरीदी के खिलाफ पहली गेंद पर चौका और फिर लगातार गेंदों पर तीन छक्के लगाकर मैच में श्रीलंका की वापसी कराई।

# राहुल की पंजाब कांग्रेस को चेतावनी

### बरनाला में बोले- टीम प्लेयर बनो, वरना मैं ठीक कर दूंगा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब के बरनाला में शनिवार को कांग्रेस की मजदूर महारैली हुई। इसमें राहुल गांधी ने पंजाब कांग्रेस में गुटबाजी को लेकर नेताओं को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी को मैसेज देना चाहता हूं कि काम टीम वर्क से होता है। एक प्लेयर गेम नहीं जीत सकता है। हमारे पास पूरी टीम बैठी है। मैं मैसेज देना चाहता हूं कि टीम प्लेयर बनो। वरना रिजर्व में बैठा देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि चाहे आप कितने भी बढ़े हो, पार्टी से बड़ा कोई नहीं है। आप टीम प्लेयर बनो। नहीं बने तो मैं और खड़गे आपको ठीक कर देंगे। यहां सारे सीनियर नेता बैठे हैं। मैं इनको बताना चाहता हूं कि हमारी सच्ची शक्ति हमारे कार्यकर्ता हैं। जो भी होगा पंजाब में इनकी रिस्पेक्ट से होगा। उन्होंने कहा कि 4 महीने से अमेरिका-भारत डील रुकी थी। संसद में जब मेरा भाषण चल रहा था तो उसे रोका जा रहा था। उसी शाम प्रधानमंत्री का फोन ट्रंप को जाता है। यह मैंने नहीं कहा है। इस बात को लेकर ट्रंप ने ट्वीट किया है। पीएम ने ट्रंप को फोन किया। लेकिन किसी मंत्री को नहीं पूछा और कह दिया कि मैं डील के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा कि डील में सोयाबीन दाल, अखरोट, बादाम यह सारा अमेरिका को दे दिया है। हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़, उड़ीसा के



किसान बर्बाद होने जा रहे हैं। मोदी ने दरवाजा खोल दिया। अमेरिका का सामान आ रहा है। ट्रंप ने पीएम मोदी का गला पकड़ लिया है। सिर झुका दिया है।

मोदी भी डील नहीं चाहते थे। चार महीने से वह रोकने की कोशिश कर रहे थे। हम ब्यूरोक्रेटस से पूछते थे कि कृषि क्षेत्र तो नहीं खोल रहे हैं।

#### खड़गे बोले- 2 मोर्चों पर बड़ी लड़ाई लड़नी है

इससे पहले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मुझे खुशी हो रही है कि पंजाब की धरती पर किसान और मजदूरों की महारैली हो रही है। यहां बातें किसानों के पक्ष में होंगी। जैसे आप तीन कृषि कानूनों के खिलाफ लड़े थे। वैसे ही आप केंद्र सरकार के खिलाफ लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि आप को 2 मोर्चों पर बड़ी लड़ाई लड़नी है। एक तरफ मोदी सरकार तो दूसरी तरफ पंजाब सरकार से लड़ना है। कांग्रेस सरकार ने जल, जंगल, जमीन बचाने के लिए कई कानून लाई, लेकिन आज मोदी सरकार एक-एक करके सबकुछ बेच रही है। नरेंद्र मोदी तो सरेंडर मोदी हैं। खड़गे ने कहा कि यह ट्रंप के सामने सरेंडर कर रहे हैं। वहां सिर झुका रहे हैं। नाक रगड़ रहे हैं। जो ट्रंप कहता है वह करते हैं। यह देश को बेचने का काम कर रहे हैं। अपने देश को गुलामी में रखने का काम कर रहे हैं। उनकी बी टीम भी उनका साथ दे रही है।

#### चन्नी ने कहा- केजरीवाल पंजाब को लूट रहे

जालंधर से सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा केजरीवाल जैसे काले अंग्रेज पंजाब को लूटने आए थे, आज वह लूटकर लेकर जा रहे हैं। आज पंजाब के लोग आपकी तरफ देख रहे हैं। आपने एमएसपी की लीगल गारंटी, मनरेगा की बात कही है। आपने मुझे तीन महीने के लिए मुख्यमंत्री बनाया। बड़े-बड़े बिजली के बिल माफ किए। हर वर्ग के लिए काम किया। राहुल जी आप आगे बढ़ो, हम आपके साथ हैं।

# राजस्थान में मार्च में तेज गर्मी पड़ेगी, बारिश की भी संभावना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में इन दिनों तेज धूप पड़ने लगी है। मौसम विज्ञान केंद्र नई दिल्ली ने देश में इस बार गर्मी कैसी रहेगी इसका पूर्वानुमान जारी किया है। इसके अनुसार राजस्थान में सामान्य (40 डिग्री) से ज्यादा गर्मी रहने का अनुमान है।

मार्च में सामान्य से ज्यादा बरसात भी हो सकती है। जैसलमेर, बाड़मेर, जालोर के एरिया में भीषण गर्मी पड़ सकती है। साथ ही सीमावर्ती जिलों में सामान्य से ज्यादा हीटवेव के दिन रहने का अनुमान जताया है।

पूरे देश का पूर्वानुमान देखें तो इस बार राजस्थान के साथ गुजरात, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल के अलावा पूर्वोत्तर भारत के सभी राज्यों (सेवन सिस्टर प्रदेश) में तापमान सामान्य से कहीं ज्यादा रहने का अनुमान है। जो संकेत देता है कि इस सीजन राजस्थान समेत पूरे देश में तेज गर्मी रहेगी। रात में भी औसत से ज्यादा गर्मी और तापमान रहने का अनुमान राजस्थान में पश्चिमी जिलों के साथ-साथ दक्षिणी जिलों सिरोही,



उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, पाली के एरिया में औसत से ज्यादा तापमान रहने का अनुमान है। जबकि कोटा, भरतपुर, जयपुर और अजमेर संभाग के इलाकों में थोड़ी कम गर्मी रहेगी। वहीं, इस बार रात में भी सामान्य से कहीं ज्यादा गर्मी रहने का अनुमान जताया है। मार्च से मई तक रात का न्यूनतम तापमान पूरे राज्य में औसत से 3-4 डिग्री सेल्सियस ऊपर दर्ज होने की संभावना है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र
मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# 21वीं सदी एआई रिवॉल्यूशन की शताब्दी, और सेमीकंडक्टर इस बदलाव का सबसे बड़ा सेतु है : पीएम मोदी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के साणंद में माइक्रोन सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्ट और पैकेजिंग फैसिलिटी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 20वीं सदी तक दुनिया ने इंडस्ट्रियल रिवोल्यूशन का दौर देखा, जहां फैक्ट्री, मशीन और मास प्रोडक्शन में आगे रहने वाले देशों ने तेज़ तरक्की की। लेकिन 21वीं सदी एआई रिवॉल्यूशन की शताब्दी है, और सेमीकंडक्टर इस बदलाव का सबसे बड़ा सेतु है। उन्होंने कहा कि अगर पिछली शताब्दी का रेगुलेटर ऑयल था, तो इस शताब्दी का रेगुलेटर माइक्रोचिप होगी। इसी सोच के साथ भारत ने सेमीकंडक्टर सेक्टर में तेज़ी से आगे बढ़ने का फैसला किया। प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि कोविड महामारी के कठिन दौर में भारत ने सेमीकंडक्टर मिशन की घोषणा की और चुनौतीपूर्ण समय में भी दूरदृष्टि के साथ मजबूत नींव रखी। साणंद में कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने उपस्थित लोगों से कहा, 10-11 साल पहले तक भारत में डेटा और चिप की चर्चा बहुत कम होती थी। जब तकनीक की बात आती थी तो अकसर हमारी चर्चा ढ्ढ्ढ सर्विस के आसपास ही रहती थी और आज सॉफ्टवेयर के लिए जाना जाने वाला भारत अब हार्डवेयर के क्षेत्रव में भी अपनी पहचान का सशक्त कर रहा है। आज साणंद में हम नए भविष्य का उदय होते हम देख रहे हैं। आज भारत बहुत तेजी से वैश्विक सेमीकंडक्टर मूल्य





श्रृंखला का हिस्सा बन रहा है। उन्होंने कहा, विश्व की सबसे बड़ी और सफल एआई समिट के बाद आज हम यहां एक और ऐतिहासिक पड़ाव के साक्षी बन रहे हैं। एआई समिट ने जहां दुनिया को भारत के एआई सामर्थ्य से परिचित कराया वहीं आज का दिन तकनीक में नेतृत्व को लेकर भारत की प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है। वहीं, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आज यहां उत्पादन शुरू हो रहा है। 900 दिन में आधार से उत्पादन, मोदी है तो मुमकिन है, इस प्लांट में मेमोरी चिप्स बनेगी। सेमीकंडक्टर उद्योग मूलभूत उद्योग है। इसका उपयोग हर चीज में होता है। आज भारत ने सेमीकंडक्टर उद्योग में विश्व के नक्शे पर अपना स्थान बना लिया। इसे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने साणंद में एक पब्लिक रोड शो किया, जहां बड़ी संख्या में लोग प्रधानमंत्री मोदी का उत्साहपूर्ण स्वागत करने के लिए इकट्ठा हुए थे। आपको बता दें, यह उद्घाटन भारत के सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। साणंद एटीएमपी संयंत्र से भारत में निर्मित पहले सेमीकंडक्टर मेमोरी मॉड्यूल का वाणिज्यिक उत्पादन और शिपमेंट शुरू हो गया है। यह विकास वैश्विक सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला में भारत की स्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।